(viii)	क्लीन एनर्जी सेस	1135.78	420.70
(ix)	कोयले पर केन्द्रीय उत्पाद	503.45	510.43
	योग	**4905.28**	**3410.31**

24. पूँजीगत ढांचा

वर्ष 2015-16 के दौरान आपकी कम्पनी में अधिकृत शेयर पूँजी तथा प्रदत्त शेयर पूँजी गत वर्ष की तरह अर्थात् क्रमशः 1100.00 करोड़ रु. एवं 940.00 करोड़ रु. ही थी। दिनांक 31 मार्च, 2016 को कंपनी का नेटवर्थ 5973.47 करोड़ रुपया था जबकि यह गतवर्ष दिनांक 31.03.2015 को 5812.38 करोड़ रुपया ही था।

24. (i) ऋण

वर्ष 2015-16 के दौरान आपकी कम्पनी ने बैंकों से 1106.00 करोड़ रुपये के फिक्स्ड डिपोज़िट के विरूद्ध 929.00 करोड़ रुपये का अल्पावधि ऋण लिया।

25. परियोजना कार्यान्वयन की स्थिति

दिनांक 31.03.16 तक 2 करोड़ रु. एवं उससे अधिक की स्वीकृत पूँजी की लागत पर 115.86 मिलियन टन/वर्ष की क्षमता वाली 62 खनन परियोजनाओं तथा 26 गैर खनन परियोजनाओं की विभिन्न सक्षम प्राधिकारियों द्वारा मंजूरी हो चुकी है। इनमें से 52 परियोजनाएँ पूरी कर ली गई है (32 खनन तथा 20 गैर खनन परियोजनाएँ)। कुल 4612.63 करोड़ रु. की स्वीकृत पूँजीगत लागत पर 77.54 मि. टन प्रति वर्ष क्षमता वाली शेष 30 खनन परियोजनाएँ तथा 113.42 करोड़ रु. की पूँजीगत लागत वाली 6 गैर खनन परियोजनाएँ (डीआरडी एएपी सहित) कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों पर है। इसके अलावा वर्ष 2015-16 में 102 मिलियन टन/वर्ष परम क्षमता वाली 5 परियोजनाओं का प्रथम चरण सैद्धांतिक अनुमोदन हो गया है।

इनका श्रेणीवार विवरण निम्नप्रकार दिया जा रहा है :

परियोजनाएँ	कुल परियोजना की संख्या (पूर्ण परियोजनाओं सहित)	लागत पूँजी	निर्धारित क्षमता (मि.टन/वर्ष) (कोयला)
150 करोड़ रु. से अधिक			
खनन	13	5245.40	73.46
गैर खनन	0	0.00	—
50 करोड़ से 150 करोड़ रु. तक			
खनन	12	1100.76	22.66
गैर खनन	3	291.75	—
20 करोड़ से 50 करोड़ रु. तक			
खनन	6	204.32	4.55
गैर खनन	1	48.78	—
2 करोड़ से 20 करोड़ रु. तक			
खनन	31	460.92	15.19
गैर खनन	22	178.70	—
खनन	62	7011.40	115.87
गैर खनन	26	519.23	—
योग	**88**	**7530.63**	**115.87**

पूर्ण हुई 52 परियोजनाओं का विवरण निम्न है :

परियोजनाएँ	संख्या			स्वीकृत पूँजी (रु. करोड़ में)			निर्धारित क्षमता
	खनन	गैर खनन	योग	खनन	गैर खनन	योग	(मि.टन/वर्ष) (कोयला)
150 करोड़ रु. से ऊपर	3	0	3	1608.91	0.00	1608.91	16.25
150 से 50 करोड़ रु. के बीच	4	3	7	344.10	291.75	635.85	7.75
50 से 20 करोड़ रु. के बीच	4	0	4	122.00	0.00	122.00	2.75
20 से 2 करोड़ रु. के बीच	21	17	38	325.76	114.06	439.82	11.57
उप जोड़	**32**	**20**	**52**	**2400.77**	**405.81**	**2806.58**	**38.32**

XIIवीं योजना अवधि (2012-17) के दौरान चालू/अनुमोदित परियोजनाएँ

XIIवीं योजना अवधि के दौरान चालू/अनुमोदित परियोजनाएँ निम्नलिखित हैं -

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि. टन/वर्ष)	प्रस्तावित पूँजी परिव्यय (रु. करोड़ में)	सीसीएल/ सीआईएल बोर्ड से अनुमोदन	सरकार का अनुमोदन/ वर्तमान स्थिति
1.	आर.सी.ई. कथारा ओसीपी	1.9	128.94 (अतिरिक्त)	01.10.2012 को हुई सीसीएल निदेशक मण्डल की 390वीं बैठक में अनुमोदित	क्रियान्वयित
2.	सयाल-डी ओसी	1.0	48.53	10.10.2013 को सीसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित	क्रियान्वयन के अधीन

उपरोक्त **''सैद्धांतिक अनुमोदन''** के साथ निम्नलिखित परियोजनाएँ अनुमोदित हुई है :

क्रम संख्या	परियोजना का	क्षमता (मि. टन/वर्ष)	सीसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदन
1.	तापिन साउथ विस्तार	2 / 2.5	03.08.12 और 04.08.12
2.	हेसालाँग	1.7 / 2.5	01.10.12
3.	अमलो ढोरी युजीपी	0.57 / 0.65	20.12.12
4.	संघमित्रा	20 / 27	20.12.12
5.	तोपा विस्तार	5.25	02.02.13
6.	असवा	1.0	02.02.13
7.	महेन्द्र ओसी	4.0 / 5.4	26.04.13
8.	पचरा इन्टिग्रेटेड ओसी	15.0 / 20	26.04.13
9.	अशोक ओसी	22 / 30	06.11.13
10.	आरा ओसी	2.5 / 3.4	06.11.13
11.	जीवनधारा ओसी	1.0 / 1.35	19.11.13
12.	असनादरहा	3.0 / 4.0	15.04.14
13.	कल्याणी	2.0 / 2.7	11.08.14
14.	नॉर्थ उरीमारी विस्तार	7.5 / 10	04.11.14
15.	इपीआर गोविन्दपुर फेज़ II ओसी	3.0 / 4.0	04.11.14
16.	गोडो ओसी	3.0 / 4.0	10.02.15
17.	कारो विस्तार ओसी	11 / 15	21.05.15
18.	भैरवी ओसी	7 / 10	12.04.15
19.	मगध विस्तार ओसी	51 / 70	21/22.05.15
20.	कोनार का विस्तार परियोजना प्रतिवेदन	8 / 11	16.03.16
21.	आम्रपाली का विस्तार प्रतिवेदन	25 / 35	31.10.15
	कुल	**195.52 / 258.50**	

मुख्य बिंदु

1. **प्रारूपण एवं मुख्यतः अनुमोदन, आम्रपाली विस्तार (25 एमटीवाई) परियोजना** — 2015-16 के एमओयु एक्सेलेन्ट लक्ष्य 31.10.2015 की तुलना में 31.10.2015 को पूर्ण हुआ।

2. **मगध विस्तार (51 एमटीवाई) परियोजना का प्रारूपण एवं मुख्यतः अनुमोदन** — 2015-16 के सर्वश्रेष्ठ एमओयु लक्ष्य 31.08.2015 के पहले 22.05.2015 को पूर्ण हुआ।

3. **मगध ओसीपी (20 एमटीवाई) में कोयला उत्पादन प्रारम्भ** — 2015-16 के सर्वश्रेष्ठ एमओयु लक्ष्य 15.10.2015 की तुलना में 24.09.2015 को शुरु हुआ।

4. **पिपरवार ओसीपी (10 एमटीवाई)** — 2015-16 के सर्वश्रेष्ठ एमओयु लक्ष्य 31.10.2015 की तुलना में 31.10.2015 में पूरा हुआ।

5. मैन प्रोडक्टिविटी बाई नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल का अध्ययन 09.12.2015 को पूरा हुआ जबकि 2015-16 का सर्वश्रेष्ठ एमओयु लक्ष्य 15.12.2015 रहा।

6. कॉस्ट कन्ट्रोल मॉनिटरिंग सेल की स्थापना और 50% खर्च के मदों को लेकर कॉस्ट कन्ट्रोल मापदंडों की पहचान पर दो प्रतिवेदन — 26.08.2015 और 28.11.2015 को पूर्ण हुए जबकि सर्वश्रेष्ठ एमओयु लक्ष्य 2015-16 के लिए 31.11.2015 रहा।

7. ओएमएस ओसी — 8.91, तुलना में सर्वश्रेष्ठ एमओयु लक्ष्य 7.51, 2015-16 के लिए रहा।

8. ओएमएस युजी — 0.32, तुलना में सर्वश्रेष्ठ एमओयु लक्ष्य 0.32, वर्ष 2015-16 के लिए रहा।

आपकी कम्पनी उपरोक्त हर वर्ग में एम. ओ. यू. लक्ष्य के तहत सर्वश्रेष्ठ रेटिंग प्राप्त किया है।

वर्ष 2016-17 में आपकी कंपनी में उत्पादन का सम्भावित स्तर निम्नानुसार होगा :

आंकड़े मि. टन में

ग्रुप	2015-16 (वास्तविक)	बी. ई. (2016-17) (ड्राफ्ट)
वर्तमान खदानें तथा पूर्ण हो चुकी परियोजनाएँ	28.006	23.125
चालू परियोजनाएँ	33.318	43.875
योग	**61.324**	**67.000**

26. पर्यावरण प्रबन्धन

(ए) पर्यावरण प्रबन्धन

1. परियोजनाओं की संख्या जिसके लिए पर्यावरण पर्यावरण मंजूरी मिली 02

(13.20 एमटीपीए मानकिये/13.50 एमटीपीएपीक)

(3.5 एमटीपीए अतिरिक्त क्षमता)

परियोजना का नाम	क्षमता (एमटीपीए में)	
	मानक	पीक
पिचरी ओसीपी	1.2	1.5
अशोक विस्तारिकरण (7 - ii)	12.00	12.00

2. परियोजनाओं की संख्या जिसके लिए एमओईएफ में फॉर्म-I, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को प्रस्तुत की गई 04

(35.50 एमटीपीए मानकिये/41.50 एमटीपीएपीक)

परियोजना का नाम	क्षमता (एमटीपीए में)	
	मानक	पीक
अशोक विस्तारिकरण ओसीपी (7 - ii)	14.00	14.00
कारो विस्तारिकरण ओसीपी सह इंटिग्रेटेड वाशरी	11.00	14.00
कोनार विस्तारिकरण ओसीपी सह इंटिग्रेटेड वाशरी	8.00	11.00
कारो ओसीपी (7 - ii)	2.50	2.50

3. परियोजनाओं की संख्या जिसके लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने टीओआर की मंजूरी दे दी 04

(22.00 एमटीपीए मानकिये/29.05 एमटीपीएपीक)

परियोजना का नाम	क्षमता (एमटीपीए में)	
	मानक	पीक
सयाल डी ओसीपी	1.00	1.35
कारो विस्तारिकरण ओसीपी सह इंटिग्रेटेड वाशरी	11.00	14.00
कोनार विस्तारिकरण ओसीपी सह इंटिग्रेटेड वाशरी	8.00	11.00
झारखण्ड विस्तारिकरण ओसीपी	2.00	2.70

4. वाशरी की संख्या जिसके लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने टीओआर की मंजूरी दे दी 02

(14 एमटीपीए)

परियोजना का नाम	क्षमता (एमटीपीए में)	
	मानक	पीक
कारो इंटिग्रेटेड वाशरी सह ओसीपी	7.00	7.00
कोनार इंटिग्रेटेड वाशरी सह ओसीपी	7.00	7.00

5. परियोजनाओं की संख्या जिसके लिए लोक सुनवाई आयोजित की गई 08

कोयला खदान : (25.50 एमटीपीए मानकिये/33.00 एमटीपीए पीक)

बालू खदान : (0.27 एमसीयूएम मानकिये/0.49 एमसीयूएम पीक)

परियोजना का नाम	क्षमता (एमटीपीए में)	
	मानक	पीक
अरगडा ओसीपी	1.70	2.00
तापिन साऊथ विस्त्रीकरण ओसीपी	2.00	2.50
राजहारा ओसीपी	0.30	0.50
कारो विस्तारिकरण ओसीपी सह इंटिग्रेटेड वाशरी	11.00	14.00
कोनार विस्तारिकरण ओसीपी सह इंटिग्रेटेड वाशरी	8.00	11.00
पुंडी ओसीपी सह इंटिग्रेटेड वाशरी	2.50	3.00
गोविंदपुर बालू खान परियोजना (क्षमता एमसीयूएम में)	0.135	0.145
स्वांग बालू खान परियोजना (क्षमता एमसीयूएम में)	0.135	0.145

6. वाशरी की संख्या जिसके लिए लोक सुनवाई आयोजित की गई 03

(14 एमटीपीए)

परियोजना का नाम	क्षमता (एमटीपीए में)	
	मानक	पीक
कारो इंटिग्रेटेड वाशरी सह ओसीपी	7.00	7.00
कोनार इंटिग्रेटेड वाशरी सह ओसीपी	7.00	7.00
पुंडी इंटिग्रेटड वाशरी सह ओसीपी	3.00	3.00

7. परियोजनाओं की संख्या जिसके लिए ईएमपी जमा की गई 06

कोयला खदान : (19.00 एमटीपीए मानकिये/19.50 एमटीपीए पीक)

बालू खदान : (0.416 एमसीयूएम मानकिये/0.436 एमसीयूएम पीक)

परियोजना का नाम	क्षमता (एमटीपीए में)	
	मानक	पीक
पुंडी ओसीपी सह इंटिग्रेटेड वाशरी	2.50	3.00
कारो विस्तारिकरण ओसीपी	2.50	2.50
अशोक विस्तारिकरण ओसीपी	14.00	14.00
राजहारा ओसीपी	0.30	0.50
गोविंदपुर बालू खान परियोजना (क्षमता एमसीयूएम में)	0.135	0.145
स्वांग बालू खान परियोजना (क्षमता एमसीयूएम में)	0.135	0.145
जारंगडीह बालू खान परियोजना (क्षमता एमसीयूएम में)	0.146	0.156

8. **वर्षा जल संग्रहण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग)**

(ए) रजरप्पा ओसीपी - 06, कुल लागत - 16.3 लाख रुपया।

(बी) वनीकरण

वर्ष 2015-16 के दौरान 55025 पौधे, 22.01 हेक्टेयर में लगाए गए। वृक्षारोपण राज्य के वन विभाग के माध्यम से किया गया है।

(सी) आईएसओ प्रमाणन

- सीसीएल के कंपनी स्तर पर आईएमएस प्रमाण पत्र के लिए प्रबंधन नीति को तैयार और स्वीकृत कराया गया।
- प्रबंधन नियमावली प्रकाशित की गयी।
- आईएसओ 9K, 14K एवं ओहसास 18K में जागरूकता कार्यक्रम : 02
- सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम : 05
- आईएसओ 9K, 14K, 18K के लिए लीड ऑडिटर कार्यक्रम की व्यवस्था : 01

(डी) पर्यावरण से सम्बन्धित अन्य गतिविधियाँ

(i) सीसीएल के सभी खानों/वाशरीज सीएमपीडीआई द्वारा नियमित आधार पर निगरानी की जा रही है। इस साल PM_{10} (आरपीएम) के 1080 स्टेशनों,

अशोका ओसीपी - भूमि उद्धार स्थिति





रोहिणी ओसीपी - भूमि उद्धार स्थिति

पीछे भरी सामग्री पर ऊपरी मिट्टी का प्रसार

कोयले के प्रेषण से पहले छिड़काव

$PM_{2.5}$ के 132 स्टेशनों, एफफ्लुएंट मॉनीटरिंग के 390 स्टेशनों, सर्फेस क्वालिटी के 500 स्टेशनों, पीने के पानी की गुणवत्ता के 180 स्टेशनों, शोर के 450 स्टेशनों और डीईटीपी के 50 स्टेशनों पर नमूने की जाँच की जाती है। $PM_{2.5}$ की नमूने की जाँच बचे हुए स्टेशनों पर चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा।

(ii) खुली खदान में भूमि रिकलामेशन की अवस्था नियमित आधार पर रिमोट सेंसिंग द्वारा सीएमपीडीआई द्वारा की जा रही है। अशोक ओसी, पिपरवार ओसी, केडीएच ओसी, परेज ईस्ट ओसी और रजरप्पा ओसी जो की पाँच बड़े खदान हैं उनकी मॉनीटरिंग प्रत्येक वर्ष की जाती है। इसके अलावे निम्न परियोजनाओं की मॉनीटरिंग तीन वर्षों में एक बार की जाती है।

न्यू गिद्दी सी ओसी, रेलीगढ़ा ओसी, सिरका ओसी, गिद्दी-ए ओसी, भुरकुंडा ओसी / संगम ओसी, उरीमारी विस्तारिकरण ओसी, नॉर्थ उरीमारी ओसी, कोनार ओसी, करगली ओसी, बोकारो ओसी, खाशमहल ओसी, कारो ओसी, सेलेक्टेड ढोरी ओसी, तारमी ओसी, अम्लो ओसी, ढोरी ओसी, पिचरी ओसी, झारखण्ड ओसी, तापिन ओसी, केदला ओसी, गोविंदपुर फेज-II ओसी, जारंगडीह ओसी, कथारा ओसी, तोपा आरो ओसी, कर्मा ओसी, आरा ओसी, पुंडी ओसी, पिंडरा ओसी, सारूबेरा / चैनपुर ओसी, मगध ओसी, आम्रपाली ओसी, रोहिणी ओसी, पूर्णाडीह ओसी, डकरा ओसी, तेतरियाखार ओसी।

अशोक ओसी, पिपरवार ओसी, केडीएच ओसी, परेज ईस्ट ओसी और रजरप्पा ओसी जो की पाँच बड़े खदान हैं जिनकी मॉनीटरिंग प्रत्येक वर्ष की जाती है, अध्ययन के अनुसार, कुल 48.47 वर्ग किमी खान के पट्टे क्षेत्र में से कुल 26.83 (55.35% - खनन पट्टे का) वर्ग किमी में खुदाई हुई है, उस खुदाई वाले क्षेत्र में से 15.07 (56.17%) वर्ग किमी में वृक्षारोपण, 7.00 वर्ग किमी (26.09%) में बैक फिलिंग, 4.76 वर्ग किमी (17.74%) एक्टिव माइनिंग के अधीन है।

यह विश्लेषण से देखा गया है कि ओसी परियोजनाओं के 82.26% क्षेत्र में रेकलामेसॉन हुआ है और शेष 17.74% क्षेत्र सक्रिय खनन के अधीन हैं। सीसीएल कम्पनी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाए गए उपायों के परिणामस्वरूप जैविक रेकलामेसॉन (वृक्षारोपण) का स्तर 15.07 वर्ग किमी पहुँच गया है।

(iii) बोकारो एवं करगली क्षेत्र और रजरप्पा क्षेत्र के परित्यक्त खदान में क्रमश: डीवीसी एण्ड एम/एस हिंडाल्को, मूरी द्वारा उत्पन्न फ्लाई ऐश समायोजित किया गया है।

(ई) वन भूमि मंजूरी

(i) वन भूमि का भौतिक कब्जा (साइट हवाला)

क्रम संख्या	प्रोजेक्ट	क्षेत्र (हे. में)
1.	झारखण्ड ओसीपी	6.590
2.	केडीएच ओसीपी	28.950
3.	चुरी बेनती यूजीपी	312.75
4.	रोहिणी ओसीपी	74.810
	कुल	**423.11 (1045.5029 एकर्स)**

(ii) स्वीकृत स्टेज - II

क्रम संख्या	प्रोजेक्ट	क्षेत्र (हे. में)
1.	रोहिणी ओसीपी	74.81 (184.859 एकर्स)

(iii) प्राप्त एफ़आरए

क्रम संख्या	प्रोजेक्ट	क्षेत्र (हे. में)
1.	केडीएच विस्तारिकरण ओसीपी	126.72
2.	कोनार ओसीपी सह वाशरी	93.58
3.	चुरी बेंती परियोजना	198.16
	कुल	**418.46 (1034.03 एकर्स)**

(iv) प्राप्त एनओसी

क्रम संख्या	प्रोजेक्ट	क्षेत्र (हे. में)
1.	केडीएच विस्तारिकरण ओसीपी	126.72
2.	कोनार ओसीपी सह वाशरी	2.70
	कुल	129.42 (139.67 एकर्स)

(v) ऑनलाइन प्रस्ताव जमा

क्रम संख्या	प्रोजेक्ट	क्षेत्र (हे. में)
1.	पुंडी विस्तारिकरण ओसीपी	595.53
2.	कोनार ओसीपी सह वाशरी	93.58
3.	चुरी बेनती परियोजना	198.26
4.	पूर्णाडीह ओसीपी	323.49
5.	उरीमारी ओसीपी	202.47
6.	कोल डिस्पैच कन्वेयर - कारो ओसोपी	7.5
7.	कुजू औसीपी	106.65
8.	तोपा ओसीपी	489.01
9.	रोड़ प्रोजेक्ट फ्रॉम रहम टु पुलिस चौकी (मगध ओसीपी)	4.801
10.	आम्रपाली ओसीपी	432.59
11.	अशोक विस्तारिकरण ओसीपी	880.578
12.	रोड नेटवर्क फ्रॉम बिंगलत वाया सरधु (पश्चिम भाग) टु रहम	35.64
13.	मगध ओसीपी	659.05
	कुल	4029.049 (9955.99 एकर्स)

27. भू-अधिग्रहण की स्थिति

सीबीए (ए एण्ड डी) अधिनियम 1957 के अधीन

उपरोक्त अधिनियम के अधीन भूमि अधिग्रहण हेतु निम्नलिखित विस्तारित प्रस्ताव पर वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान प्रगति हुई है -

क्र. सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्र एकड़ में	अधिग्रहण
1.	विस्तारित खुली खदान परियोजना, कारो - I (बी. एण्ड के.)	145.38	सेक्शन - 11(1)
2.	पिंडरा, खुली खदान परियोजना (कुजू)	195.11	सेक्शन - 11(1)
3.	तोपा, पुनः संगठित खुली खदान परियोजना (कुजू)	204.23	सेक्शन - 11(1)
4.	अरगडा खुली खदान परियोजना (अरगडा)	577.00	सेक्शन - 11(1)
5.	पिछरी खुली खदान परियोजना (ढोरी)	344.71	सेक्शन - 11(1) एवं सेक्शन - 9(1)
6.	पचड़ा और पचड़ा (दक्षिण) (एम. एण्ड ए.)	3331.50	सेक्शन - 9(1)
7.	तेतरीया खाड़ खुली खदान परियोजना (राजहारा)	181.66	सेक्शन - 9(1), सेक्शन - 7(1) एवं सेक्शन - 4(1)
8.	पिपरवार परियोजना, पिपरवार रेलवे साईडिंग	91.00	सेक्शन - 9(1), सेक्शन - 7(1) एवं सेक्शन - 4(1)
9.	आम्रपाली विस्तार, खुली खदान परियोजना (एम. एण्ड ए.)	1046.55	सेक्शन - 9(1), सेक्शन - 7(1)
10.	अशोक विस्तारित - II (पिपरवार)	741.00	सेक्शन - 7(1)
11.	गिद्दी 'सी' खुली खदान परियोजना (अरगडा)	9.58	सेक्शन - 7(1) एवं सेक्शन - 4(1)
12.	मगध विस्तार - II, खुली खदान परियोजना (एम. एण्ड ए.)	18066.345	सेक्शन - 4(1)
13.	पिछरी खुली खदान परियोजना फेज - II (ढोरी)	130.95	सेक्शन - 4(1)
14.	आम्रपाली विस्तार -II, खुली खदान परियोजना (एम. एण्ड ए.)	5068.69	सेक्शन - 4(1)

23548.225 एकड़ भूमि का अधिग्रहण U/S सेक्शन - 4(1) के तहत किया गया जबकि एम.ओ.यू. के तहत लक्ष्य 445 एकड़ भूमि अधिग्रहण।

2069.79 एकड़ भूमि का अधिग्रहण U/S सेक्शन - 7(1) के तहत किया गया जबकि एम.ओ.यू. के तहत लक्ष्य 1500 एकड़ भूमि अधिग्रहण।

क्षतिपूर्ति का भुगतान

वित्तीय वर्ष के दौरान प्रसंगाधीन, अधिग्रहित भूमि अधिनियम सी. बी. ए. (ए एण्ड डी) एक्ट 1957 के तहत भूमि, मकान, पेड़ तथा अन्य ब्याज के क्षतिपूर्ति का भुगतान 348.48 लाख रुपये 13 भुगतान शिविर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में किया गया है। मगध एवं आम्रपाली क्षेत्र के कामता - ग्राम में सीधी खरीद के तहत 56.84 लाख की राशि भुगतान की जा चुकी है।

भू-अधिग्रहण अधिनियम के तहत वित्तीय वर्ष के दौरान अधिग्रहित भूमि के बदले 1008.05 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जा चुका है (जिसमें रुपये 234.35 लाख का भुगतान राज्य सरकार को भूमि बंदोबस्ती, ओ. बी. डम्प, तेतरीया खाड़ खुली खदान परियोजना (राजहारा) के लिए किया जा चुका है।) साथ ही घर एवं अन्य भू-क्षतिपूर्ति के ब्याज रजिस्ट्रार झारखण्ड उच्च न्यायालय को एल. ए. मामला के द्वारा अधिग्रहित जमीन क्षतिपूर्ति बढ़ोत्तरी की राशि परियोजना / गाँव जैसे सिरका, पतरातू, कुजू (लोक अदालत) तुमंग (एन. के. क्षेत्र) के लिये किया गया है।

सक्षम पदाधिकारी द्वारा 2215.53 लाख रुपये, जमीन की क्षतिपूर्ति घर, पेड़ (आर. एण्ड आर. सुविधा सहित) की राशि स्वीकृत की गई है।

परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को के.डी.एच., मगध, नॉर्थ उरीमारी, तोपा परियोजना हेतु 1026.34 (लगभग) लाख रुपये का भुगतान आर. एण्ड आर. सुविधा के अन्तर्गत किया जा चुका है।

नियुक्ति

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान जमीन (670.00 एकड़ अधिग्रहित भूमि: के बदले 335 स्वामियों एवं उनके आश्रितों को सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं ईकाइयों में नौकरियाँ प्रदान की गई है।

पुन:स्थापन एवं पुनर्वसन

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 287 परिवारों को सीसीएल विभिन्न क्षेत्रों (मुख्यत: के. डी. एच., मगध, नॉर्थ उरीमारी एवं तोपा आदि) में पुनर्वास के लिए मिलने वाली सुविधा दिया गया है।

28. रेलवे साइडिंग

निर्माणाधीन नई साइडिंग

(ए) पिपरवार साइडिंग

पूर्व मध्य रेलवे के मैक्लूस्कीगंज स्टेशन से पिपरवार जा रही रेलवे साइडिंग का निर्माण किया जा रहा है।

पिपरवार साइडिंग के निर्माण की स्थिति

M/s राइट्स लिमिटेड को जमा अवधि कार्य (डीपोजीट वर्क) के आधार पर रु. 90.61 करोड़ की लागत से पिपरवार रेलवे साइडिंग के शेष कार्य को पूरा करने का काम सौंपा गया था। वर्तमान में लगभग 30.5 किलोमीटर की पूरी लंबाई में काम पूरा हो चुका है। लगभग 28.50 किलोमीटर में पूरा रेल ट्रैक जोड़ने का काम पूरा हो चुका है। इलेक्ट्रीकल और टेलीकॉमनेकिशन का काम भी राइट्स द्वारा किया जाना है। राइट्स द्वारा काम प्रगति पर है। मेसर्स राइट्स के अनुरोध पर काम पूरा होने के लिए जून 2016 तक अंतरिम समय विस्तार दिया गया है। मेसर्स राइट्स लिमिटेड द्वारा परियोजना लागत (लगभग) रु. 141.00 करोड़ का संशोधित किया गया है।

मैक्लूस्कीगंज रेलवे स्टेशन पर जंक्शन बिंदु पर 1.683 किलोमीटर ट्रैक जोड़ने का काम पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किया जा रहा है। मुख्य लाइन से संबंधित काम रेलवे द्वारा पूरा हो चुका है लेकिन फ्लाईओवर लाइन / लूप लाइन का काम बाकी है।

(बी) टोरी-शिवपुर-हजारीबाग (अब कठोतीया) नई बड़ी रेलवे लाइन का निर्माण (शत प्रतिशत सीसीडीए सहायता राशि के द्वारा)

पूर्व मध्य रोलवे, पटना द्वारा इस नइ बड़ी रेल लाइन परियोजना (संशोधित लगाई 93.45 किलोमीटर) के तहत निष्पादन के लिए मंजूरी प्रस्ताव वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा 31.08.2010 को पूर्व में अस्वीकार कर दिया गया था।

वर्तमान स्थिति

टोरी-शिवपुर

अप्रैल, 2011 में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा संशोधित रेल लाइन मार्ग की स्टेज - I मंजूरी दी गयी थी। इसके बाद टोरी - शिवपुर संशोधित रेल लाइन मार्ग की स्टेज - II मंजूरी पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा दिनांक 19.03.2013 को दी गई थी। वर्तमान में, मिट्टी का कार्य 0 - 44 किलोमीटर में रु. 589.37 करोड़ की लागत से टोरी के तरफ से सम्पादित किया जा रहा है। 0 - 23 किलोमीटर पहुँच में और 23 - 44.5 पहुँच में बड़े पुल का काम रु. 151.86 करोड़ की लागत से रेलवे द्वारा शुरू किया गया है। फॉरमेशन में मिट्टी का कार्य (पहाड़ काटने सहित) प्रगति में है और 198.80 लाख घन मीटर मिट्टी का कार्य किया गया है। रु. 134.05 करोड़ की लागत से सड़क पर रेल पूल और रु. 39.95 करोड़ की लागत से स्टेशन की इमारत, पैदल पूल आदि का

काम के लिए निविदा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। टोरी - शिवपुर खण्ड में कुल मिलाकर लगभग 25% काम पूरा कर लिया गया है। रेलवे द्वारा टोरी - शिवपुर - कठोतिया नई रेल लाइन में मार्च, 2016 तक रु. 653.34 करोड़ खर्च कर दिया गया है।

शिवपुर - कठोतिया (शिवपुर - हजारीबाग की संशोधित संरेखण)

पूर्व में शिवपुर - हजारीबाग खण्ड की वानिकी मंजूरी, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा जंगल में जानवरों और उच्च घनत्व वाले वन की उपस्थिति के आधार पर अस्वीकार कर दिया गया था।

अंतिम स्थान सर्वेक्षण के बाद प्रस्तावित वैकल्पिक शिवपुर - कठोतिया नई रेल लाइन संरेखण रु. 1983.04 करोड़ की लागत अनुमान के साथ रेलवे द्वारा प्रस्तुत किया गया था। भूमि की पहचान करने के बाद, पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के लिए स्टेज - I का आवेदन अप्रैल / मई 2015 में दायर की जा चुकी है। कोई भी जमीनी कार्य इस खण्ड में अभी तक नहीं हुआ है।

कोल इण्डिया बोर्ड द्वारा 302वाँ बैठक में जो कि दिसम्बर, 2013 में हुआ था उसमें शिवपुर - कठोतिया नई बड़ी लाइन परियोजना के निर्माण के लिए रु. 3214.887 की लागत राशि को मंजूरी प्रदान की गयी थी। आगे की रेलवे द्वारा बढ़ी हुई लागत रु. 3571.69 करोड़ की राशि को सीसीएल बोर्ड द्वारा 22 जुलाई, 2014 को अनुमोदित किया गया था। इस मामले पर विचार करने कि लिए प्रस्ताव कोल इण्डिया बोर्ड को अवगत करा दिया गया था।

अब शिवपुर - कठोतिया नई बड़ी रेल लाइन को रूह्म इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और बैंक एबीलीटी रिपोर्ट बनाने हेतू नवगठित सीसीएल, इरकॉन और झारखण्ड सरकार के संयुक्त कम्पनी यानि ''झारखण्ड सेन्ट्रल रेलवे लिमिटेड'' (जेसीआरएल) द्वारा चिह्नित किया गया है।

(सी) टोरी स्टेशन के निकट कच्चा वार्फ वाल के साथ-साथ अतिरिक्त रेल लाइन का निर्माण

यह काम पूरा हो चुका है।

(डी) पिपराडीह रेलवे साइडिंग का निर्माण

कार्य जमा अवधि के आधार पर पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद डिवीजन द्वारा किया जा रहा है। प्रारंभिक कार्य पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा शुरू किया गया है।

(इ) उत्तरी उरीमारी साइडिंग के लिए मार्ग संरेखण सर्वेक्षण, व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और निर्माण

M/s राइट्स लिमिटेड द्वारा मार्ग संरेखण सर्वेक्षण (रूट एलाइगमेन्ट सर्वे) करने के बाद, व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट (एफ. एस. आर.) तैयार किया और रेलवे द्वारा अनुमोदित किया गया है। मेसर्स राइट्स लिमिटेड द्वारा तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी. पी. आर.) का अनुमोदन दिनांक 29.12.2015 को रेलवे द्वारा किया गया। मेसर्स राइट्स लिमिटेड द्वारा इंजीनियरिंग स्केल प्लान (ई. एस. पी.) तैयार किया जा रहा है और इसको पूर्व मध्य रेलवे के पास अनुमोदन के लिए जमा किया जाएगा।

(एफ) चेनेज 17.000 किलोमीटर और चेनेज 18.000 किलोमीटर के बीच में पिपरवार से मैक्लूस्कीगंज रेल लाइन संरेखण में दो वार्फ वाल का निर्माण (लोडींग प्लैटफॉर्म) के लिए व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और निर्माण

यह काम सितम्बर, 2015 में रु. 35.27 करोड़ की लागत से करने के लिए मेसर्स राइट्स लिमिटेडसौंपा गया है। व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट मेसर्स राइट्स लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया है और इसकी मंजूरी के लिए पूर्व मध्य रेलवे के पास प्रस्तुत किया गया है।

(जी) मगध रेलवे साइडिंग का निर्माण

मेसर्स राइट्स लिमिटेड के रु. 391.00 करोड़ की बजट्री प्रस्ताव को सीसीएल द्वारा अनुमोदित किया गया है। मगध रेलवे साइडिंग के निर्माण हेतु भूमि के अधिग्रहण के लिए सेक्शन - 7 प्रक्रिया शुरू किया गया है।

मौजूदा रेलवे साइडिंग के नवीनीकरण

निम्नलिखित साइडिंग के नवीनीकरण का कार्य पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद डिवीजन द्वारा जमा अवधि कार्य के आधार पर प्रगति पर है — 1. ढोरी - I साइडिंग, 2. ढोरी - II साइडिंग, 3. तारमी साइडिंग, 4. जारंगडीह - I साइडिंग, 5. जारंगडीह - II साइडिंग, 6. एन. आर. और सारूबेरा (चरण - I), 7. एन. आर. और सारूबेरा (चरण - II), 8. के. डी. एच. - I साइडिंग, 9. डकरा साइडिंग, 10. बचरा साइडिंग, 11. साउन्दा - बी साइडिंग, 12. न्यु सेलेक्टेड ढोरी साइडिंग।

मेसर्स राइट्स लिमिटेड द्वारा करगली (वाशरी) साइडिंग का नवीनीकरण का कार्य भी प्रगति पर है।

29. भूगर्भीय सेवाएँ

वित्त वर्ष 2015-16 में भूगर्भ विभाग के कार्य-निष्पादन प्रतिवेदन

ए. छिद्रण

वित्त वर्ष 2015-16 में एक लाख मीटर के लक्ष्य के तुलना में कुल 86115 मीटर छिद्रण कार्य हुआ जिसकी उत्पादकता 1423-25 मीटर प्रति ड्रिल से अधिक है जो 2 ड्रिलिंग कैम्प तोपा और लपंगा में स्थित 5 कार्यरत ड्रिल से सम्पन्न हुआ है। इस छिद्रण कार्य में खनन सेवा हेतु ब्लास्ट होल, जल निकासी एवं ट्यूबवेल हेतु लार्ज डायामीटर बोर होल्स एवं गवेषण हेतु नॉन कोर बोर होल शामिल है।

बी. परियोजना दस्तावेजीकरण एवं सम्बन्धित कार्य

(i) भूगर्भ

वर्ष 2015-16 में निम्न कार्य कम्पन्न हुआ जिसके अधिकांश खनन परियोजनाओं के उत्पादन आधारित खनन सेवाएँ एवं भावी खनन योजना क्रिया कलापों के सम्बन्ध में हैं :

1. सीसीएल अधिकार क्षेत्र में विभागीय और वाह्य संसाधनों द्वारा सीआईएल ब्लॉक में गवेषण कार्य किये जा रहे हैं। गवेषण कार्य का लोकेशन प्लान इत्यादि कार्य हेतु सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (गवेषण), क्षेत्रीय संस्थान - III से सम्पर्क स्थापित करना, मासिक प्रगति प्रतिवेदन में भूगर्भीय जानकारी एवं विचाराधीन/लम्बित कोलकोर।

2. 01.04.2015 तक सीसीएल अधिकार क्षेत्र का कोयला भण्डार का एकत्रीकरण। सीसीएल अधिकार क्षेत्र में कोयले का भण्डार 43.060 बिलियन टन है। 01.04.2015 तक भारत के कोल इन्वेन्ट्री में कोयले का भण्डार 306.595 बिलियन टन है।

आउट सोर्सिंग के प्रस्ताव

1. एन के एरिया के रोहिणी ओसीपी से तीन वर्षों के लिए 87.59 लाख क्युबिक मीटर ओबी निष्कासन एवं 41.28 लाख टन कोल उत्पादन स्कीम सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

2. पिपरवार एरिया के अशोक ओसीपी से आठ वर्षों के लिए 1050.00 लाख क्युबिक मीटर ओबी हटाने एवं 975 लाख टन कोल

उत्पादन सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

3. मगध-आम्रपाली क्षेत्र के मगध ओसीपी से आठ वर्षों के लिए 320.630 मिलियन क्युबिक मीटर ओबी (इंटर बर्डन सहित) निष्कासन एवं 227.100 क्युबिक मीटर टन कोल उत्पादन स्कीम सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

4. मगध-आम्रपाली एरिया के आम्रपाली ओसीपी से आठ वर्षों के लिए 148.600 मिलियन क्युबिक मीटर ओबी इंटर्बर्डेन एवं रिहैन्डलिंग सहित निष्कासन एवं 121.550 मिलियन टन कोल उत्पादन स्कीम सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

5. ढोरी एरिया के सेन्ट्रल सेक्टर पैच एक्स एवं जेड एसडीक्यु 3 क्यु परियोजना (ओसीपी) से 1 वर्ष चार महीने के लिए 16.443 लाख क्युबिक मीटर ओबी जिसमें 1.785 लाख क्युबिक मीटर शामिल है, एचईएमएम को किराया पर लेना स्कीम सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

6. ढोरी एरिया के तारमी कोलियरी आउट सोर्सिंग पैच - एक्स, वाई, जेड ओसीपी से 1 वर्ष के लिए 9.00 लाख क्युबिक मीटर ओबी हटाने एवं 7.750 लाख क्युबिक टन कोल उत्पादन हेतु एचईएमएम को किराया पर लेना स्कीम सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

7. पिपरवार एरिया के अशोक ओसीपी (इंट्रासिम पार्टींग सहित) से बारह महीने के लिए 61.92 लाख क्युबिक मीटर ओबी हटाने हेतु स्कीम सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

8. कुजू एरिया के कुजू ओसीपी से कोयला एवं ओबी के निष्कासन हेतु संविदा की समय सीमा की अतिरिक्त बढ़ोत्तरी - एवार्डेड एरिया नजदीक एन एक्स की मात्रा में अतिरिक्त बढ़ोत्तरी एवं ओबी हटाने / निकासी का रिएप्रोप्रियेशन स्कीम सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

9. ढोरी एरिया के अमलो ओसीपी से ओबी हटाने एवं कोल निष्कासन कार्य स्कीम सम्बन्धी वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

10. मगध ओसीपी में दो वाह्य संसाधन संविदा जो मेसर्स सैनिक माईनिंग एण्ड एलाईड सर्विसेस और मेसर्स वीपीआर - वीजीआर - पीएलआर कॉन्सोर्टियम को निर्गत है, इनके मुल संविदा के शर्तों में बिना फेर बदल किये कार्य क्षेत्र का आपसी बदलाव स्कीम वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

11. रजरप्पा एरिया के सेक्सन - II, रजरप्पा ओसीपी से 1.753 लाख क्युबिक मीटर ओबी हटाने एवं 0.309 मिलियन टन कोल निष्कासन स्कीम वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

12. मगध-आम्रपाली एरिया के आम्रपाली ओसीपी से 22.170 मिलियन क्युबिक मीटर

ओबी हटाने एवं 15.00 मिलियन टन कोल निष्कासन स्कीम - वाह्य संसाधनों के उपयोग के प्रस्ताव के लिए भूगर्भीय अध्ययन।

(ii) कैप्टिव माईन ब्लॉक

1. कैप्टिव माईन ब्लॉक से सम्बन्धित प्रश्नों का जबाव विभिन्न प्राधिकारों को दिया गया।

(iii) अन्य

1. वर्ष 2016-17 के दौरान सीएमपीडीआई द्वारा (विभागीय एवं वाह्य) सीसीएल अधिकार क्षेत्र में सीआईएल ब्लॉकों की गवेषण कार्यक्रम को अंतिम रूप प्रदान करना।

2. विभाग में उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर संसदीय प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

सी. भू-जल विज्ञान एवं परीक्षण छिद्र

सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों पेय जल आपुर्ति, कोयला एवं ओबी को प्रमाणित करने हेतु कुल 65 गहरे टिबवैल एवं परीक्षण छिद्र का छिद्रण हुआ।

डी. विशेषज्ञ सेवाएँ और कम्प्युटरीकृत कार्य

भूगर्भ विभाग सीसीएल - आईआईटी खड़गपुर, बी आई टी मेसरा, सीएमपीडीआई, एमईसीएल और यादवपुर विश्वविद्यालय के सहयोग से सीआईएल आर एण्ड डी निधि से जीआईएस आधारित दो बड़ी परियोजनाओं "**इंटर एक्टीव जीओ-माईनिंग मॉडल ऑफ एस के सी एफ एण्ड डब्ल्यु बी सी एफ**" को पूर्ण किया। अंतिम प्रतिवेदन में सभी एजेंसियों से प्राप्त जानकारी / डाटा को संलग्न किया गया है। बोर होल डाटा, मैप डाटा प्रोसेस आउट पुट दस्तावेज सहित सभी मुल डाटा का रखरखाव करता है। बेसिक डाटा को प्रोसेस करने के लिए, भूगर्भीय मॉडल बनाने हेतु और विभिन्न आन्य प्रयोगों में सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन जैसे माईनेक्स, ऑटो कैड मैप और एस क्यु एल - सरवर का प्रयोग किया जाता है।

ई. कोयला भण्डार (कोल रिजर्वस)

भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार 01.04.2015 तक सीसीएल अधिकार क्षेत्र में (1200 मीटर गहराई तक) कोयले का भूगर्भीय भण्डार (प्रमाणित, सूचित, अनुमानित वर्ग में) 43.060 बिलियन टन है।

कोयले का भण्डार इस प्रकार है :

(आँकड़ा बिलियन टन में)

कोयला	प्रमाणित	सूचित	अनुमानित	कुल
कोकिंग	8.026	9.164	1.660	18.850
नॉन-कोकिंग	13.233	7.801	3.176	24.210
योग	**21.259**	**16.965**	**4.836**	**43.060**

30. कम्प्यूटरीकरण एवं सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएँ

आपकी कंपनी ने निम्नलिखित को प्रारम्भ किया है —

1. सम्पूर्ण सीसीएल में ऑफिस ऑटोमेशन

ऑफिस ऑटोमेशन का विस्तार करने के लिए पूरे सीसीएल में कम्प्यूटर और सहायक उपकरण ऑफिस सूट के साथ खरीद कर इन्सटॉल कर दिये गए हैं। कोलनेट एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का उपयोग कर सीसीएल के व्यापार कार्यक्षमताओं का विस्तार करने के लिए ये कम्प्यूटर एक क्लाइंट / नोड के रूप में भी काम करते हैं।

2. **सीसीएल के सभी कमान क्षेत्रों में वाइड एरिया नेटवर्क (वैन)**

दिसम्बर, 2015 से वैन (वाइड एरिया नेटवर्क) सीसीएल मुख्यालय को सीसीएल के क्षेत्रों, परियोजनाओं, स्टोर, केन्द्रीय कार्यशाला, केन्द्रीय अस्पतालों, धर्मकाँटा (रोड और रेल) और कोलकाता में सीसीएल के बिक्री कार्यालय को जोड़ने के लिए कार्यान्वित है। इसके कार्यान्वयन के बाद से डाटा प्रवाह के स्वचालन को बढ़ाया गया और नेटवर्किंग सुनिश्चित किया गया है। इसके कार्यान्वयन से पूरे सीसीएल में कार्यात्मक उपयोगकर्ताओं ने बिक्री एवं विपणन, वित्तीय लेखा और एकीकृत ओ. एम. एम. एस. (ऑनलाइन सामग्री प्रबंधन प्रणाली) आदि व्यवसाईक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण सुगमता प्राप्त की है। कोल इण्डिया स्तर पर ईआरपी पैकेज स्थापना और कार्यान्वयन की योजना बनाई जा रही यह उसमें भी सहयोग करेगा। यह वाहन ट्रैकिंग सिस्टम के लिए रीढ़ की हड्डी है।

3. **फाइल मूवमेंट और ट्रैकिंग सिस्टम**

फिल्मोट्स (फाइल मूवमेंट और ट्रैकिंग सिस्टम) का विकास एवं कार्यान्वयन फ़ाइल, पत्र एवं नोट शीट की वर्तमान स्थिति को पता करने के लिए किया गया है। एक सिंगल क्लिक पर फ़ाइल, पत्र एवं नोट शीट की वर्तमान स्थिति को फिल्मोट्स की मदद से आसानी से की पता कर सकते हैं। फ़ाइलों के हस्तांतरण में पारदर्शिता लाने में अहम भूमिका अदा गी है। फ़ाइलें / पत्र आदि की ऑनलाइन ट्रैकिंग अब आसानी से की जा सकती है।

4. **बिल ट्रैकिंग सिस्टम**

विभिन्न विभागों में बिल के हस्तांतरण को ट्रैक करने के लिए एक ऑनलाइन बिल ट्रैकिंग प्रणाली सीसीएल में विकसित की गयी है। समय के किसी भी बिंदु पर बिल के वर्तमान स्थिति को अब ऑनलाइन बिल ट्रैकिंग प्रणाली के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

5. **कोलनेट एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर**

सीसीएल भर में सम्बन्धित उपयोगकर्ताओं को व्यापारिक कार्यक्षमताओं का समाधान प्रदान करने के लिए और एक समान रिपोर्टिंग के लिए ईआरपी की तरह कोलनेट की व्यवस्था है। इसके अन्तर्गत 6 मॉड्यूल क्रमश: (1) वेतन, (2) फिनानशीयल इन्फॉर्मेशन (एफआइएस), (3) ऑनलाइन मैटेरियल मैनेजमेंट (ओएमएमएस), (4) कार्मिक इन्फॉर्मेशन (पीआईएस), (5) सेल्स एण्ड मार्केटिंग (एस एण्ड एम) और (6) प्रोडक्शन इन्फॉर्मेशन (पीआईएम) हैं।

6. **सर्वर और इसके सम्बद्ध सहायक उपकरण**

नए सर्वर को पुराने सर्वर के स्थान पर प्रतिस्थापित एवं कार्यान्वित किया गया है। नए स्थापित डेटा एवं अनुप्रयोग सर्वर दोनों भण्डारण और दक्षता के मामले में विशाल क्षमता के हैं। मुख्यालय के सर्वर एवं क्षेत्र सर्वर समान रूप से उच्च दक्षता के हैं और उनमें सैन स्टोरेज और सहायक उपकरण भी शामिल हैं। इन सर्वर का उपयोग कोलनेट अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाता है और वर्तमान में कोलनेट के छ: मॉड्यूल, बिल ट्रैकिंग मॉड्यूल एवं फाइलग ट्रैकिंग मॉड्यूल आदि अन्य एप्लिकेशन के साथ काम कर रहे हैं।

31. सुरक्षा प्रबन्धन

वर्ष 2015-16 में सुरक्षा विभाग, सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपने जवानों एवं राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर 24 X 7 घंटों सीसीएल के कमाण्ड एरिया / परियोजना / खदानों में मुस्तैदी पूर्वक अवैध खनन

के रोक थाम कर गौरवपूर्ण कार्य को अंजाम दिया है। मुख्यालय दरभंगा हाउस तथा एरिया के विभिन्न परियोजनाओं के बीच पूर्ण तालमेल के लिये सूचनाओं का आदान-प्रदान त्वरित गति से हब टू स्पोक मेकानिज़म के तहत होता है। इसका उपयोग कम्पनी के लिये मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) के रूप में भी किया जाता है।

विभाग द्वारा 2015-16 में 12 कमाण्ड एरिया में 453 रेड कर 99 मैट्रीक टन, अनुमानित मूल्य 24.73 लाख कोयला अपने कब्जे में किया। लीज होल्ड एरिया में अवैध खनन को रोक राज्य पुलिस थानों में अपराधियों के विरुद्ध एफ. आई. आर. की गयी है।

विभाग द्वारा कोयला खानों के पास चोक पोस्ट का निर्माण, कोयला डीपो के पास कंटीली तारों का घेरा, रात्रि पेट्रोलिंग गस्ती दल, काँटा घरों के पास सी. सी. टी. वी. कैमरा जो कि 24 X 7 घंटों की रिकॉर्डिंग करती है। जीपीएस एवं आरएफआईडी प्रणाली व्यवस्था की गयी है। विभाग द्वारा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सेवा ली जा रही है। जो विभाग को और शक्तिशाली कर रही है जो कि सभी तरह के आधुनिक गजट, बुलैट प्रुफ गाड़ियाँ, रात्रि में दिखने वाली ग्लास एवं आधुनिक हथियारों से लैस है। एशिया के सबसे बड़ी खदान मगध एवं आम्रपाली, जिला - चतरा (झारखण्ड) में राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल नियुक्ति हेतु झारखण्ड सरकार से बात चल रही है जिससे कि सीसीएल की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

विभाग अपने कॉलोनियों (कर्मचारियों एवं अधिकारियों का निवास स्थान) एवं कार्यालय में सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर, सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था में प्रयासरत है। विभाग द्वारा सीसीएल के कमाण्ड एरिया में सुरक्षा व्यवस्था के लिये समय-समय पर दिशा-निर्देश एवं 24 X 7 घंटों सम्पर्क में रहने के लिये सीसीएल दरभंगा हाउस परिसर में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित की गयी है जो प्रबंधन को सही और समय पर सूचना देती है।

विभाग द्वारा चोरी की रोकथाम अवैध खनन को रोकने के लिये एक ज्वाईंट टास्क फोर्स (जे. टी. एफ.) का निर्माण के लिये रोड-मैप राज्य सरकार को भेजी गयी है जिसमें राज्य सरकार एवं सीसीएल सुरक्षा बल मिलकर कार्य करेंगे, जिससे गलतियों की संभावना ना के बराबर होगी एवं सीसीएल के सुरक्षा तंत्र निकट भविष्य में और भी प्रखर हो कर उदयमान होगी।

32. राजभाषा कार्यान्वयन

वर्ष 2015-16 में कम्पनी ने राजभाषा कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित प्रयास किये -

1. राजभाषा विभाग द्वारा नियमित कार्यशाला एवं निरीक्षण के कारण, क्षेत्रों में राजभाषा में कार्य का प्रतिशत बढ़ा है। तिमाही बैठकों में क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की भागीदारी में पहले से सुधार हुआ है।

2. वर्ष के दौरान प्रति तिमाही कार्यान्वयन बैठक की जाती है। अब तक 4 बैठक और 4 कार्यशालाएँ आयोजित की गई।

3. अध्यक्ष प्रबंधक निदेशक सीसीएल की पहल से प्रति तिमाही राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों एवं क्षेत्रों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जाता है। इससे विभागों और क्षेत्रों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ी है।

4. नराकास (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति) की हर छैमाही बैठक में राँची में स्थित सरकारी उपक्रमों की भागीदारी रहती है और गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार सीसीएल के अप्रनि उसकी अध्यक्षता करते हैं। अप्रनि सीसीएल नराकास (सरकारी उपक्रम) के अध्यक्ष भी हैं, उनकी

पहल से कम्पनी ने राजभाषा पर निबंध प्रतियोगिता करवाई थी जिसमें लगभग सभी उपक्रमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इन निबंधों को एकत्र करके एक पुस्तक के रूप में 'नगर राजभाषा दर्पण' के नाम से कम्पनी द्वारा प्रकाशित की गई।

5. हाल ही में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड एवं सीसीएल की संयुक्त पहल से नराकास के तत्वावधान में स्वरचित काव्य पाठ, तात्कालिक भाषण के साथ एक संगोष्ठि का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीसीएल अप्रनि श्री गोपाल सिंह ने की। पुरस्कार वितरण समारोह में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर. एस. महापात्र ने विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया।

6. वर्ष पर्यन्त विभिन्न संस्थानों द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाले राजभाषा प्रशिक्षणों में सीसीएल के लगभग 70 व्यक्तियों को कम्पनी की ओर से प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। इनमें मंत्रालय द्वारा राजभाषा प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली भी शामिल है, जिसमें प्रतिमाह 3 से 5 व्यक्ति को प्रशिक्षण हेतु भेजा जा रहा है।

7. वर्ष पर्यन्त, रई महत्वपूर्ण राजभाषा पुरस्कारों से कम्पनी, अध्यक्ष प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (कार्मिक) को नवाजा गया है। अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी, भारतीय राजभाषा विकास संस्थान, परिवर्तन जन कल्याण समिति, राष्ट्रभाषा स्वाभिमान न्यास, अखिल भारतीय राजभाषा विकास एवं सम्मान समारोहों में राजभाषा ज्योति, राजभाषा उत्कृष्टता सम्मान, राजभाषा शील्ड, विशेष राजभाषा सम्मान, राजभाषा श्री, राजभाषा कीर्ति सम्मान और कई व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

8. 2015 सितम्बर माह, राजभाषा माह के रूप में मनाया गया। माह पर्यन्त निबंध, टिप्पण-आलेखन, प्रश्नमंच, तात्कालिक भाषण, कम्प्युटर टाइपिंग आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। लगभग 165 कर्मियों को नगद / अन्य पुरस्कारों से प्रोत्साहित किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन मुख्यालय के विभागों और तीन क्षेत्रों को पुरस्कृत किया गया।

33. सतर्कता विभाग की गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ

सतर्कता विभाग कम्पनी का एक अभिन्न अंग है जिसमें 19 अधिकारी एवं 23 कर्मचारी हैं जो मुख्य सतर्कता अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यरत हैं। यह विभाग संगठन के लक्ष्य एवं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में प्रभावी सेवाएँ का प्रतिपादन करता है। विभाग के द्वारा वर्ष 2015-16 में निरोधक, जाँच पड़ताल एवं दण्डात्मक कार्यों की निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियाँ एवं उपलब्धियों का संक्षिप्त अवलोकन नीचे दिया गया है।

1. जाँच-पड़ताल

वित्तीय वर्ष 2015-16 में सतर्कता विभाग के द्वारा 24 (आरआई) मामलों की नियमित जाँच-पड़ताल की गई और 27 (आरआई) नियमित जाँच पूरी की गई। इन सबके अलावे चालू वित्त वर्ष में विभाग में 365 शिकायत प्राप्त हुई जिनकी जाँच कर यथोचित कार्रवाई शुरू की गई।

2. दण्डात्मक कार्रवाई

इस वित्तीय वर्ष में सतर्कता जाँच-पड़ताल के द्वारा 17 अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई जिसमें 18 व्यक्तियों को बड़ा दण्ड (major penalty) एवं 13 व्यक्तियों को अल्प सजा (minor penalty) दी गई।

3. निवारक

- इस वित्तीय वर्ष 2015-16 में विभाग के टीम के द्वारा कम्पनी के विभिन्न इकाइयों में 26 औचक निरीक्षण किया गया

जिसमें तीन पर नियमित जाँच-पड़ताल प्रारम्भ की गई। 02 पर सामयिक सतर्कता जाँच की गई जिसमें एक मामले पर नियमित जाँच शुरू हुई।

- चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में विभाग के द्वारा सीसीएल के 60 अधिकारियों के दावारा जमा की गई वार्षिक सम्पत्ति की जाँच की गई। जिसमें 6 अधिकारियों को चेतावनी / सावधानी बरतने के लिए आगाह किया गया।

- वित्तीय वर्ष 2015-16 में विभाग द्वारा किए गए जाँच - पड़ताल / औचक निरीक्षण के दौरान कार्य-प्रणाली में देखे गए अनियमितताओं के निवारण हेतु कार्य प्रणाली में निम्नलिखित सुधार सक्षम पदाधिकारियों को बताए गए।

(i) सतर्कता जाँच के दौरान यह पाया गया कि क्षेत्रों में सिविल कार्यों से सम्बन्धित कुछ खामियाँ हैं। यह देखा गया कि प्री क्वालिफिकेशन रिक्वारीमेंट (पीक्यूआर) में असंगति है और अपारदर्शी है जिसमें उचित अनुमोदन और किसी प्रकार की न्यायीक तथ्यों का रिकॉर्ड नहीं है। इसके कारण निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारी के बीच उचित मध्यस्तता नहीं हो पाती है। इसी प्रकार कम्पनी के दूसरे क्षेत्रों में भी पी. क्यू. आर. को फिक्स करने में एकरूपता नहीं है। इस विषय को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उचित कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया है।

(ii) मृत कर्मी का धोखे से निकाला गया ग्रेच्यूटी एवं एल. सी. एस. बकाया का सतर्कता जाँच के दौरान यह पाया गया कि 2013 में चिकित्सीय आधार पर वी. आर. एस. कर्मी का 1979 में महिला कर्मी के स्वैच्छिक निवृति योजना के तहत गलत तरीके से नियुक्ति की गई, आगे ग्रेच्यूटी एवं सी. एम. पी. एफ. मृत कर्मी के किसी गलत नामित व्यक्ति को दिया गया। सक्षम प्राधिकारी को यह तथ्य बताए गए और इस विभाग को ए. टी. आर. प्रेषित करने को कहा गया।

(iii) सीसीएल के दो वाशरी से बहता / जमा सलरी उठाने के सम्बन्ध में सतर्कता जाँच के दौरान निम्नलिखित बातें ध्यान में आई।

(अ) सीसीएल ईंट निर्माताओं (आरआई) को फ्लोइंग सलरी 1980 के पहले से देता आ रहा है और इस प्रक्रिया में राख का उत्पादन होता है। ठेके के अनुसार यह राख सीसीएल की सम्पत्ति है मगर 1990-97 के बीच चार पार्टियों ने राख उठाई जो माननीय न्यायलय के अंतरिम आदेश के अनुसार था और 1990 में सीसीएल के एफ. डी. में अनुमोदित हुआ था।

(ब) इस बात पर माननीय न्यायालय ने अपना निर्णय दिया कि राख सीसीएल की सम्पत्ति है। अत: पार्टी द्वारा उठाई गई राख पर शुल्क लगना चाहिए। इस अनुसार अक्तूबर, 1998 में सीसीएल ने 5.57 करोड़ का बिल राख के मूल्य का बकाया प्राप्त करने के लिए दिये। राशि का भुगतान न होने पर चारों पीर्टियों के विरूद्ध मनीशुट फाइल की गई। सीसीएल के पक्ष में एक मामले पर निर्णय दी गई, मगर उसकी कार्यवाही की प्रक्रिया माननीय उच्च न्यायालय के पास ही रही, जो जनवरी, 2014 में सुलझी। तीन अन्य मामले काफी समय से लंबित रहे, सितम्बर, 2013 में सीसीएल के पक्ष में दो मामले

आए जबकि एक मामला लंबित है। हालाँकि उपरोक्त बकाया राशि का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है परन्तु तीन दोषी पार्टियाँ लिंकेज / एफ. डी. अनुमोदन / न्यायालय आदेश / एफ. एस. ए. के तहत 2013 मई / जून तक वाशरियों से स्लरी उठाती रही है।

(स) 2008 में नई कोल डिस्ट्रिव्यूशन पॉलिसी के आने से उपरोक्त तीनों दोषी पार्टियों ने क्षेत्रीय स्तर पर सीसीएल के साथ स्लरी की आपूर्ती के लिए पाँच वर्षों का एफ. एस. ए. किया। उपरोक्त अवलोकनों को सक्षम प्राधिकारी के उचित कार्रवाई के लिए ध्यान में लाया गया।

(i) बकाया राशि के भुगतान के लिए कोर्ट में मनीशूटस मामले कई दशकों से लम्बित थे और एक मामला अभी भी लम्बित है इस दौरान पार्टियों के पास बड़ी बकाया राशि होने के बावजूद सीसीएल से स्वरी उठा रही है। देरी को देखते हुए विधि मामलों की जल्दी निपटारे की व्यवस्था की जानी चाहिए। पार्टियों को बहता / जमा स्लरी सीसीएल के किसी भी वाशरी से अपने नाम पर या अन्य नाम से उठाने की अनुमति से पहले बकाया भुगतान जल्द से जल्द होने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है।

(ii) 2007 में आये नए एन. सी. डी. पी. में स्लरी की आपूर्ति के लिए एफ. एस. ए. के विषय में कोई उल्लेख नहीं है। 2008 में एफ. एस. ए. के द्वारा तीन दोषी पार्टियों ने क्षेत्रीय स्तर पर स्लरी की आपूर्ति का एफ. एस. ए. किया है। हालाँकि एडिसनल सॉलीसिटर जनरल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली ने 26.10.2014 को अपने विचार में व्यक्त किया कि 2008 में हुए स्लरी की आपूर्ति के लिए एफ. एस. ए. माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले और कोल डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी 2007 के अनुरूप है। वैध उपभोक्ताओं के साथ स्लरी के आपूर्ति के लिए एफ. एस. ए. के विषय में पॉलिसी बनाई जाए, जैसे कोयला की आपूर्ति के लिए बनाई गई है।

(iv) एक क्षेत्र के साइडिंग से नॉन कोर रेक्श की भराई के सम्बन्ध में सतर्कता जाँच के दौरान पाया गया कि हालाँकि रेलवे वैगन पर भराई का दायित्व सीसीएल का है, मगर उस कार्य में उपभोक्ता प्रतिनिधीगण / स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भेजे गए एजेंट का बड़ा हस्तक्षेप है जो अच्छे गुणवत्ता वाले कोयले की छंटनी और पत्थर तथा अन्य फालतू सामानों को छांट कर कोयले से अलग करते हुए भराई के कार्य में बाधा उत्पन्न करते हैं। इस कारण नॉन कोर उपभोक्ता साइडिंग में खड़े रह जाते हैं और उपभोक्ता से क्षतिपूर्ति ली जाती है। अगर यह देरी नहीं होती तो और अतिरिक्त रेक भी साइडिंग से प्रेषित किए जा सकते थे। उपभोक्ता प्रतिनिधियों / हैण्डलिंग एजेंट के द्वारा कार्य में बाधा डालने से कार्य में

अत्यधिक विलम्ब होती है और साइडिंग की उपयोगिता कम होती है जिससे प्रेषण बाधित होता है। उक्त बातों को सक्षम पदाधिकारी के ध्यान में उचित कार्रवाई के लिए लाया गया।

(v) क्षेत्रों में क्वार्टरों के निर्माण कार्य के (आई. टी. ई.) इनसेंटिव तकनीकी परीक्षण के सतर्कता जाँच के दौरान निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए गए :

(अ) जाँच के दौरान सतर्कता टीम और महाप्रबन्धक (सिविल) द्वारा गठित टीम ने सुधार के लिए जरूरी कई कमियों को पाया। महाप्रबन्धक (सिविल) को सुझाव दिया गया कि उपरोक्त भवन को ग्रहण करते समय उपचारात्मक कार्रवाई लें और जरूरत हो तो सिविल इंजीनियरिंग मैनुअल (सी. इ. एम.) की धारा 8.06, 8.07 और 8.08 के अनुसार उचित कार्रवाई की जा सकती है।

(ब) ठेके के अनुसार निर्माण स्थल पर तकनीकी श्रम शक्ति नहीं लगाई गई हो तो ठेकेदार के विरूद्ध ठेका प्रावधान के अनुसार उचित दण्डीय कार्रवाई करने का सुझाव दिया गया।

(स) ऐसा देखा गया है कि भुगतान का आकलन सामग्री, लेबर आदि के मूल्य का बढ़ना / घटना का हिसाब, एग्रीमेंट के प्रावधानों के अनुसार नहीं है। अत: महाप्रबन्धक (सिविल), सीसीएल को सलाह दी गई कि वे इस मामले पर ध्यान दें और सुनिश्चित करें कि ऐसी गणनाएँ एग्रीमेंट के अतिरिक्त नियम एवं शर्तों के अनुसार हों।

(ड) उपरोक्त क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा बिल प्रोसेसिंग की पद्धति सी इ एम की धारा क्र. 6.01 और 5.02.1 के अनुरूप नहीं है। इस विषय में महाप्रबन्धक (सिविल), को निर्देश दिया गया कि कम्पनी के किसी भी क्षेत्र में सी इ एम के प्रावधानों का उल्लंघन न हो।

(vi) एक क्षेत्र में डिजेल डिस्पेंसिंग यूनिट (डी डी यू) के सतर्कता जाँच के दौरान यह पाया गया कि डी डी यू में अधिकारियों की पदस्थापना छ माह के अंदर दुबारा वही कर दी जाती है जबकि उनका स्थानांतरण संवेदनशील स्थानांतरण और पोस्टिंग के अन्तर्गत आता है, यह सी आइ एल के दिशानिर्देश के अनुसार नहीं है। इस मामले को सम्बन्धित अधिकारी को यथोचित कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया और इस कार्यालय को सूचित करने को कहा गया।

(vii) कम्पनी के एक अस्पताल के सतर्कता जाँच के दौरान पाया गया कि सीसीएल के अस्पताल में उपचार करनेवाले कर्मी के गैर हकदार सम्बन्धियों के उपचार का कर्मियों के वेतन से कटौती सही तरीके से नहीं होता है जिसका प्रतिपुष्टि भी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। साथ ही यह पाया गया कि पैथोलॉजी टेस्ट के लिए भेजे गए रेफेरल केस का अस्पताल में कोई रिकॉर्ड नहीं है। सक्षम पदाधिकारियों के ध्यान में स्थिति को लाया गया, सुझाव दिया गया आवश्यक रिकॉर्ड एम आई एस डेटाबेस में किया जाय जो नये टेस्टिंग उपकरणों के खरीद के समय कीमत विश्लेषण के दौरान उपयोगी होगा।

(viii) रेलवे वेब ब्रिज के ठीक तरीके से काम नहीं करने और प्रेषण में कम मात्रा में कोयला साडिंग से भेजने लिए सी. सी. टी. वी. कैमरा लगाया जाए।

(ix) सीसीएल की एक खुली खदान में बड़ी मात्रा में विस्फोटक की आपूर्ति के सम्बन्ध में सतर्कता जाँच के दौरान यह देखा गया कि 2010-11 और 2011-12 के आर. सी. के प्रावधान के अनुसार बड़ी मात्रा में विस्फोटक होल में डाला जाता है उसे वे-ब्रिज से नेट डेलीवरी की काउंटर जाँच हर रोज होनी चारिए। एक परियोजना में पाया गया कि कई माह से उक्त प्रक्रिया के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। कुछ जगह लोडिंग शीट / वेट मीटर मात्रा और वे-ब्रिज मात्रा में विस्फोटक की खपत में काफी अनियमितताएँ हैं।

यह देखा गया है कि :

(अ) रोज के आधार पर नपाई होती तो फायदा कम्पनी को होता यदि नेट वे-ब्रिज रीडिंग, लोडिंग शीट / वेट-मीटर मात्रा से कम होता। रेट कॉन्ट्रैक्ट के दिये गये प्रावधानों का कड़ाई से पालन होना चाहिए।

(ब) ब्लास्टिंग स्थल पर थोक विस्फोटक वैन में निहित पानी के उपयोग से गलत परिणाम देने की संभावना है और इससे वे-ब्रिज द्वारा क्रॉस चेकिंग नपाई अप्रभावी हो जाती है। उपर्युक्त अवलोकनों को सक्षम प्राधिकारी के ध्यान में लाया गया और उचित कार्रवाई कर इस कार्यालय को सूचित करने के लिए निर्देश दिये गये।

(x) एक ओ. सी. पी. सरफेस स्टॉक से वाशरी तक कोयले के यातायात के इंटेन्सिव टेक्निकल एग्जामिनेशन (आई. टी. ई.) के सतर्कता जाँच के दौरान ये देखा गया कि ठेका में जी. टी. सी. धारा 18 और धारा 17 के प्रावधानों को लागू नहीं किया गया है।

पूर्ण अवलोकन निम्नलिखित हैं :

(अ) जी. टी. सी. की धारा 18 में दिया गया है कि ट्रकों को लोडिंग और अन-लोडिंग छोर पर वजन किया जाय और आँकड़ों को प्रतिमाह मिलाया जाय, यदि अन-लोडिंग छोर पर प्राप्त कोयले की मात्रा कम हो तो कम मात्रा में पाये गए कोयले का मूल्य दुगुना काटा जाए जो उस समय के दर के अनुसार होगी जिसमें सभी रॉयल्टी, सेस, जो सुरक्षा जमा राशि से लिया जाएगा या कार्य आदेश / करार में विशेष रूप से जो दिया गया हो। ये पाया गया कि 2011 से 2012 तक सात माह में उपरोक्त कार्य हुए पर ट्रकों का लोडिंग प्वाइंट में निरंतर दो माह तक वजन नहीं किया गया। ट्रकों का दोनों स्थानों में वजन के बाद एक या दो टन का अंतर आया तो भी उपरोक्त क्लॉज़ के अनुसार कोई कार्रवाई नहीं हुई।

(ब) इस मामले में जी. टी. सी. की धारा 17.0 को ठीक से लागू नहीं किया गया। इस मामले में लोडिंग इंड में वे-ब्रिज के ब्रेक डाउन होने पर कोई दूसरा उपाय वजन करने के लिए (लोडिंग इंड पर) नहीं किया गया।

दूसरे क्षेत्रों में भी परिवहन ठेके में जी. टी. सी. के क्लॉज़ 17.0 और क्लॉज़ 18.0 को ठीक से लागू नहीं होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उक्त तथ्य सक्षम अधिकारी के ध्यान में लाया गया जो उक्त क्लॉज़ को लागू करवाने को सुनिश्चित करें और इस कार्यालय को सूचित करें।

(xi) एक क्षेत्र में 82 पो ऑर्डर में ठेकेदार को दिये गए सर्विस टैक्स के स्वीकार्यता के सम्बन्ध में यह देखा गया कि कुछ एक मामले में सर्विस टैक्स का भुगतान सीसीएल के द्वारा किया गया है जो करार / अनुबंध / सीसीएल के बोर्ड निर्णय के अनुरूप नहीं है। इस मामले में इस विभाग द्वारा एक रिपोर्ट बनाई गई है और सम्बन्धित अधिकारी को अग्रेषित किया गया है जिसमें वे वित्तीय अंकेक्षण और अधिक दी गई राशि को वापस ले सकें जहाँ भुगतान हुआ है। इन कमियों को दूर करने के लिए उचित मानदण्ड बनाए जाएँ जिसमें ऐसी कमियाँ आगे न हो।

(xii) कम्पनी के विभिन्न परियोजनाओं के मैनुअल लोडिंग सेक्शन में भ्रस्टाचार की शिकायत पर औचक जाँच के दौरान मैनुअल लोडिंग द्वारा कोयला उत्पादन में गंभीर कमियाँ दिखादी। इसे ध्यान में रखकर निम्नलिखित अनुशंसाएँ की गई हैं :

(i) मैनुअल लोडिंग को पूर्णप्रमाणित पद्धति जब तक नहीं आती तब तक के लिए रोक सकते हैं।

(ii) संवेदनशील पोस्ट पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का तीन वर्षों में रोटेशन किया जाए।

(iii) उपस्थिति का हिसाब रखने के लिए बायोमेट्रिक पद्धति का इस्तेमाल किया जाये जिससे उपस्थिति के हिसाब में कमियों को कम किया जा सके।

(xiii) ओ. सी. पी. से वाशरी तक कोयला परिवहन और लोडिंग के कार्य का तीन वर्ष के करार के निष्पादन में निम्नलिखित अनियमितताओं देखी गई :

(अ) सामान्य नियम एवं शर्त जो सीसीएल के क्षेत्र में कोयला के लोडिंग एवं परिवहन के कार्य के लिए बैंक गारंटी की वैध्यता 4.3 (सी), सेक्शन - 3 क्लॉज़ में स्वीकार किया जो निश्चित कम अवधि के लिए मान्य है उसे दोबारा सत्यापित नहीं की गई थी।

(ब) करार के सामान्य नियम एवं शर्तों के क्लॉज़ - 6.4 सेक्शन - 3 के अनुसार ओ. सी. पी. में हिन्ड्रेन्स रजिस्टर के रख-रखाव में यह पाया गया कि वाशरी में ठेका कार्य के निष्पादन में कई बड़ी बाधाएँ हैं और उनके रिकॉर्ड केवल ओ. सी. पी. द्वारा ही रखे जाते हैं। एक मानक, संदेह-हीन पद्धति के न होने पर जो हिन्ड्रेन्स के प्रमाणिकरण और अपडेटिंग के लिए ठेकेदार के कार्यों को प्रमाणित करने में आवश्यक ठेकेदारों को दण्ड से बचने में सहायता करता है और सफलतापूर्वक पूर्णता का प्रमाण-पत्र मिल जाता है जबकि निश्चित समयावधि में ठेकेदार अवार्डेड कार्य का आधा कार्य ही पूर्ण करता है।

(स) उपरोक्त अवधि में वाशरी में हिन्ड्रेन्स के लिए कोल रिसिप्ट में कोई लॉग बुक नहीं है और प्लांट के ब्रेकडाउन का भी उल्लेख नहीं है। इससे वाशरी में कम कोयले की प्राप्ति को प्रमाणित करने का कोई उपाय नहीं रहता। चालू एवं भविष्य में होने वाले सीसीएल के सभी क्षेत्र में ठेकों में ऐसी कमियाँ को होने की संभावना से इंकार नहीं

किया जा सकता। यह विषय सीएमडी, सीसीएल के ध्यान में लाया गया, फलस्वरूप तीन माह का समय हर क्षेत्र को दिया गया ऐसी कमियों को खत्म करने के लिए उचित पद्धति बनाने के लिए। इस मुद्दे को उचित कार्रवाई कर इस कार्यालय को सूचित करने को कहा गया।

(xiv) एक परियोजना में झूठे बिल के प्रक्रिया और भुगतान के सम्बन्ध में सतर्कता जाँच के दौरान ये पाया गया कि दो पार्टी को 104 झूठे बिल के तहत 80,05800/- का भुगतान हुआ है। आगे पाया गया आठ झूठे बिल जिनके राशि 6,15,834/- है, दो पार्टियों को भुगतान के लिए प्रोसेस / पास होकर कैश अनुभाग में बकाया है, हालाँकि इन झूठे बिलों को क्षेत्रीय वित्त द्वारा रोक दिया गया है। उपरोक्त पाये गये अवलोकन निम्नलिखित हैं :

(अ) झूठे बिल देने के लिए सम्बन्धित पार्टियों पर कार्रवाई की जाए। भुगतान की गई राशि की वसूली पार्टियों से करवाने की कार्रवाई की जाए।

(ब) कम्पनी स्तर पर ऐसे जालसाजी को रोकने के लिए भविष्य में कम्पनी के वर्तमान नियमों में पर्याप्त मापदण्ड बनाए जाएँ जिससे प्राप्ति / प्रेषण एवं बिल की प्रक्रियाओं के वर्तमान प्रणाली को सशक्त बनाया जा सके।

(स) ऐसे जालसाजी के कार्यों की आगे पुनरावृत्ति न हो इसके लिए पूरे सीसीएल में परियोजना / क्षेत्रीय स्तर पर फाइल एण्ड बिल ट्रैकिंग सिस्टम को जल्द लागू किया जाए।

इन तथ्यों को सक्षम प्राधिकारी के ध्यान में लाया गया जिससे वे आगे की कार्रवाई कर सकें।

(xv) एक परियोजना में डीजल डिस्पेंसिंग युनिट (डी. डी. यू.) के कार्यों से सम्बन्धित सतर्कता जाँच के दौरान पाया गया कि :

फोर मैंगोई लेन,
सुरेन्द्र मोहन घोष सारणी,
ग्राउण्ड फ्लोर,
कोलकाता - 700 001, पश्चिम बंगाल।

शाखा अंकेक्षक

1. **मेसर्स एस. एन. अग्रवाल एण्ड कम्पनी**
   6, आरआईटी बिल्डिंग, ग्राउण्ड फ्लोर,
   कोर्ट कम्पाउण्ड, राँची - 834 001
   झारखण्ड।

2. **मेसर्स एनकेडी एण्ड कं.**
   दूसरा तल्ला, राधा गौरी,
   गौशाला चौक, नॉर्थ मार्केट रोड,
   अपर बाजार,
   राँची - 834001, झारखण्ड।

3. **मेसर्स कदमवाला एण्ड कम्पनी**
   द्वारा श्री राम चन्द्र प्रसाद
   श्री राम पथ लेन
   क्राउन पब्लिक स्कूल के सामने
   किशोर गंज, हरमू रोड,
   राँची - 834 001,
   झारखण्ड।

4. **मेसर्स लोधा पटेल बाधवा एण्ड कम्पनी**
   304, श्रीलोक कॉम्प्लेक्स,
   4, एच. बी. रोड, तीसरी तल,
   राँची - 834 001,
   झारखण्ड।

सचिवीय अंकेक्षक

कम्पनी अधिनियम, 2013 के सेक्शन 204 के अन्तर्गत निदेशक मण्डल के बोर्ड ने 414 वीं बोर्ड बैठक में मद क्रमांक 4(30) दिनांक 12.04.2015 के द्वारा सचिवीय अंकेक्षण के लिए वर्ष 2015-16 हेतु निम्नलिखित कम्पनी सचिव फर्म को नियुक्त किया गया।

सचिवीय अंकेक्षक

मेसर्स कान्त सनत एण्ड एसोसियेट्स
सी/18, पहला माला,
पार्क रोड नं. - 1,
अशोक नगर,
गेट नं. - 1,
राँची - 834 002,
झारखण्ड।

वार्षिक आम बैठक :

गत तीन वर्षों में शेयर होल्डर्स की आम बैठकों का विवरण निम्नानुसार दिया जा रहा है।

वर्ष	तिथि एवं समय	अवस्थिति	उपस्थिति	विशेष संकल्प, यदि कोई हो
2012-13	25.05.2013 मध्याह्न 12.00 बजे	दरभंगा हाउस राँची	1. श्री गोपाल सिंह, सदस्य एवं अध्यक्ष 2. श्री पीयूष सरकार, सीआईएल प्रतिनिधि	कुछ नहीं
2013-14	11.06.2014 मध्याह्न 12.00 बजे	दरभंगा हाउस राँची	1. श्री गोपाल सिंह, सदस्य एवं अध्यक्ष 2. श्री जे. बागची, सीआईएल प्रतिनिधि	कुछ नहीं
2014-15	17.06.2015 पूर्वाह्न 11.00 बजे	दरभंगा हाउस राँची	1. श्री गोपाल सिंह, सदस्य एवं अध्यक्ष 2. सुश्री श्वेता लोहारूका, सीआईएल प्रतिनिधि	कुछ नहीं

नोट : गत तीन वर्षों में सम्पन्न आम बैठकों में डाक द्वारा मतदान के माध्यम से कोई भी विशेष संकल्प पारित नहीं किया गया।

4. प्रकटीकरण (डिसक्लोजर)

सम्बन्धित पार्टियों से लेन-देन

कंपनी के निदेशकों द्वारा प्रदत्त प्रकटीकरण के अनुसार, सम्बद्ध पार्टियों से ऐसा कोई लेन-देन नहीं किया गया जिससे व्यापक रूप से कंपनी के हित को कोई हानि पहुँचती।

निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आचार संहिता

दिनांक 02.07.2008 को सम्पन्न सीसीएल के निदेशकमण्डल की 348वीं बैठक में निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की आचार संहिता को प्रस्तुत किया गया है जिसे सीसीएल की वेब साईट सं. www.ccl.gov.in पर भी लोड किया गया है। मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के दौरान कार्य-व्यवहार एवं अनुमोदन सम्बन्धी सम्पुष्टि की प्राप्ति ले ली गई है।

एसईबीआई (प्रोहिबिशन ऑफ इनसाइडर ट्रेडिंग) विनियम 1992 तथा 2008 में संशोधित की रजिस्ट्रेशन 12(i) के अनुसरण में इन्साइडर ट्रेडिंग की रोकथाम हेतु आचार संहिता

मुख्य महाप्रबंधक (वित्त)/कम्पनी सचिव, सीआईएल के कार्यालय आदेश संख्या सीआईएल:ix:(D):04007:2010:1856 दिनांक 30.11/01.12.2010 के अनुसरण में **एसईबीआई (प्रोहिबिशन ऑफ इन्साइडर ट्रेडिंग) विनियम 1992 तथा 2008 में संशोधित के रजिस्ट्रेशन 12(i) के अनुसार** इन्साइडर ट्रेडिंग की रोकथाम हेतु आचार-संहिता कम्पनी के कर्मचारी जिसमें निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सभी कार्यकारी निदेशक, सभी मुख्य महाप्रबन्धक और महाप्रबन्धक तथा कम्पनी के नामित विभागों में कार्यरत सभी अधिकारियों के बीच परिचालित किया गया।

शक्ति प्रत्यायोजन

दिनांक 11.05.2010 को हुई निदेशक मण्डल की 367वीं बैठक में अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक तथा निदेशक मण्डल के अधिकार संशोधित किये गये। केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त और मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल के निर्देश के अनुसार सीसीएल की वेबसाईट : ***www.centralcoalfields.in*** पर डीओपी अपलोड किया गया। कार्यकारी निदेशकों का डीओपी तथा क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबन्धक/ महाप्रबन्धकों का डीओपी संशोधित किया गया तथा दिनांक 24.01.2012 को हुई बोर्ड की 384वीं बैठक में सूचना के रूप में प्रस्तुत किया गया। इसे सीसीएल की वेबसाईट में अपलोड भी किया गया।

लेखा व्यवहार

कम्पनीज अधिनियम, 2013 के तहत प्रस्तुतीकरण करते हुए वांछित एवं संगत अपेक्षाओं तथा कम्पनी में लागू बाध्यकारी लेखा मापदण्डों के अनुरूप ही वित्तीय विवरणियों को तैयार किया गया है।

जोखिम प्रबंधन

व्यावसायिक रणनीति के एक भाग के अनुसरण में, जोखिम को चिन्हित करने, मूल्यांकन एवं संगठन के विभिन्न कार्य-संचालन के विभिन्न क्षेत्रों में जोखिम कम करने संबंधी प्रक्रियात्मक कार्यों पर समुचित ध्यान दिया जाता है। आन्तरिक एवं बाह्य कारणों से सन्निहित सम्भावित जोखिम का मूल्यांकन किया जाता है तथा जोखिम पर प्रभावपूर्ण तरीके से काबू पाने हेतु जोखिम के विरुद्ध बनाई गई नीति एवं प्रणाली के माध्यम से आवश्यक निरोधात्मक कदम उठाए जाते हैं।

5. संचार-व्यवस्था के साधन

कम्पनी का संचालन और वित्तीय निष्पादन प्रमुख अंग्रेजी समाचार पत्रों और स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है। उपरोक्त के अलावा कम्पनी की वेबसाईट में वित्तीय परिणाम प्रदर्शित किया जाता है।

6. अंकेक्षण की अर्हता

कम्पनी हमेशा अनअर्हता वाली वित्तीय विवरणियाँ प्रस्तुत करती है। 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी के लेखा पर सांविधिक अंकेक्षकों की टिप्पणियों पर प्रबंधन के उत्तर की विवरणियों को निदेशकों की रिपोर्ट में परिशिष्ट के रूप में प्रदर्शित किया गया

है। 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष हेतु सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के लेखा पर कम्पनीज अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों को भी इसमें संलग्न किया गया है।

7. बोर्ड के सदस्यों का प्रशिक्षण

कार्यकारी निदेशकगण अपने संबंधित क्षेत्रों के मुखिया होते हैं क्योंकि उन्हें इस कार्य का पर्याप्त अनुभव होता है तथा उन्हें कम्पनी के कार्यों एवं जोखिम प्रबंधन के बारे में हर तरह की जानकारी होती है। अंशकालीन निदेशक कम्पनी के कार्यों से पूर्णत: अवगत रहते हैं। कम्पनी से जुड़ी जोखिम प्रबंधन की अवधारणा को बोर्ड द्वारा बडे ही सुविचारित ढंग से परिभाषित किया गया है तथा बोर्ड के सदस्यों को इसके संबंध में समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

8. अंशकालीन निदेशकों के कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन हेतु प्रणाली

कोयला मंत्रालय, कोल इण्डिया लिमिटेड (होल्डिंग कम्पनी), रेलवे तथा राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अंशकालीन निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन उनके संबंधित विभागों में प्रचलित नियमों के अनुसार किया जाता है। बोर्ड-सदस्यों के रूप में नियुक्ति हेतु गैर-सरकारी अंशकालीन निदेशकों का चयन कोयला मंत्रालय एवं लोक उद्यम विभाग के माध्यम से किया जाता है। इनकी यह नियुक्ति सामान्यत: तीन वर्षों के लिए की जाती है।

9. व्हिस्ल ब्लोअर नीति

कोल इण्डिया बोर्ड द्वारा अनुमोदित कोल इण्डिया व्हिस्ल ब्लोअर नीति, 2011 सारे अनुषंगी कम्पनियों पर लागू है।

सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी होने के मद्देनजर, कम्पनी के सभी अधिलेखों का लेखा-परीक्षण भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा कभी भी किया जा सकता है और सतर्कता विभाग/सीबीआई आदि इनका निरीक्षण कभी भी कर सकते हैं।

आपकी कम्पनी में मुख्य सतर्कता अधिकारी के अधीन स्वतंत्र रूप से एक सतर्कता विभाग कार्यरत है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत कार्यरत सतर्कता विभाग की शाखा सतर्कता से संबंधित निवारक उपायों पर विशेष ध्यान देती है।

10. इन्टग्रीटी पैक्ट

दिनांक 11.08.2008 को नई दिल्ली में आपकी कंपनी तथा ट्रांसपेरेन्सी इन्टरनेशनल इण्डिया के बीच इन्टीग्रीटी के कार्यान्वयन हेतु एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दिनांक 23.08.2008 को सम्पन्न बोर्ड की 350वीं बैठक के समक्ष सूचना हेतु उक्त ज्ञापन-समझौता प्रस्तुत किया गया।

11. कंपनी द्वारा अनुपालन

कॉरपोरेट गवर्नेंस पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन के अनुसरण में तिमाही अनुपालन रिपोर्ट नई दिल्ली स्थित कोयला मंत्रालय एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के विभागों तथा भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रमों के मंत्रालय को भेजी गई है।

12. यू. एन. ग्लोबल कॉम्पैक्ट

ग्लोबल कॉम्पैक्ट कारोबार के लिए तैयार एक ऐसी व्यवस्था है जो कारोबार तथा इसकी रणनीतियों में सुधार लाने हेतु सर्वमान्य 10 सिद्धांतों के माध्यम से मानवाधिकार, श्रम, पर्यावरण तथा भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए सदा प्रयासरत रहती है। विश्व के सबसे बड़े ग्लोबल कॉरपोरेट सिटिजन के रूप में कार्यरत, ग्लोबल कॉम्पैक्ट पहली संस्था है जो किसी भी उद्योग के कारोबार तथा विपणन को व्यापक रूप से सामाजिक आवश्यकता के अनरूप मान्यता एवं विस्तार दिलाने का प्रयास करती है। विश्व स्तर की कंपनियाँ यू. एन. ग्लोबल का सदस्य बनी हुई हैं। सीसीएल सीएसआर के क्रियाकलाप कम्पनी पर आधारित हैं। वर्ष 2009 से यू. एन. ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सदस्य हैं। सीएसआर गतिविधियों से कम्पनी ऊपर उठी है साथ में सीएसआर व्यवसाय प्रक्रिया की चाभी बन गई है। यह व्यवसाय के उच्चतर सिद्धांतों पर चल रहा है।

आपकी कंपनी द्वारा चलाई गई कुछ विशेष सी.एस.आर. योजनाओं में कायाकल्प योजनाएँ, ऑपरेशन ज्योति, बालिका-शिशु प्रोत्साहन, इत्यादि उल्लेखनीय है। आपकी कंपनी द्वारा चलाई गई/चलाई जा रही सी.एस.आर. गतिविधियों के फलस्वरूप कमान क्षेत्र के अन्तर्गत रहने वाले लोगों, राज्य प्रशासन, मीडिया तथा अन्य स्टेकहोल्डर्स के बीच कंपनी के प्रति अच्छी छवि के निर्माण में सहायता मिली है। सी.एस.आर. कार्यों से आपकी कंपनी को एक विशेष प्रकार का संस्कार संसदीय श्रम समिति, भारतीय ग्लोबल कॉम्पैक्ट सोसाइटी, सी.ए.जी. ऑडिट तथा वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ई.ए.सी. से भी सराहना मिली है।

अनुलग्नक - I ए

निदेशकों के प्रोफाइल

सीसीएल के निदेशक मण्डल में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशक (तकनीकी/संचालन), निदेशक (वित्त), निदेशक (कीर्मिक), निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना), दो सरकारी / सीआईएल के नामित निदेशक एवं दो स्थाई आमंत्रित — एक पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के मुख्य संचालन प्रबंधक एवं एक सचिव, खान एवं भूगर्भ विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची और दो अशासकीय अंशकालीन निदेशक हैं।

सभी निदेशकों का संक्षिप्त परिचय, उनके शैक्षणिक योग्यता, क्षेत्र, अनुभव एवं विशेषज्ञता, उनके व्यवसायिक संस्थाओं में सदस्यता, अन्य कम्पनियों में अध्यक्ष/निदेशकीय इत्यादि निम्नलिखित है।

श्री गोपाल सिंह

श्री गोपाल सिंह मार्च 2012 से सेन्ट्रल कोलफील्ड्स के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद पर प्रतिष्ठित हैं।

सीसीएल सीएमडी के पदभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने कई उच्च दायित्व का निर्वहन किया जैसे निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), एसइसीएल, सीजीएम, कुसमुंडा क्षेत्र, एसइसीएल, इत्यादि। उनके कार्यभारों ने उन्हें कोयला क्षेत्र में विस्तृत अभिज्ञता और कॉर्पोरेट अफेयर्स के प्रबंधन का व्यापक अनुभव प्रदान किया।

21 जनवरी, 1961 को रोहतास में जन्मे श्री सिंह ने प्रसिद्ध संस्थान इण्डियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद से 1982 में स्नातक किया। उन्होंने एक खनन अभियंता के रूप में अपनी जीविका सीसीएल के रजरप्पा क्षेत्र से प्रारम्भ की। उन्होंने ओपन कास्ट माइनिंग में एम. टेक. और फाइनांस में स्पेशलाइजेशन के साथ एमबीए उत्तीर्ण किया। अपनी सेवा के दौरान उन्होंने कोल इण्डिया के विभिन्न अनुषंगियों में जैसे सीसीएल में 21 वर्ष और एसइसीएल में 6 वर्ष, एसइसीएल में निदेशक (तकनीकी) बनने से पहले कार्य किया। कुसमुंडा परियोजना जहाँ उसके 23 वर्ष के जीवनकाल में कभी रेटेड क्षमता 6 एमटीवाई प्राप्त नहीं किया, 2006-07 में 9.066 एमटी उत्पादन किया अर्थात् 4 वर्ष में रेटेड क्षमता का 151%। उन्होंने कुसमुंडा ओसी का 50 एमटीवाई के लिए तथ्यात्मक परियोजना रिपोर्ट बनाई जो उस समय विश्व की उस तरह की सबसे बड़ी खदान थी।

सीएमडी, सीसीएल के रूप में कम्पनी के विकास को प्राथमिकता देते हुए पुन: परिभाषित किया जिसमें झारखण्ड के सामाजिक, आर्थिक पहलु को ध्यान में रखा गया। यह अब पूर्णत: **कायाकल्प मॉडल** के नाम से पहचाने जाने वाले कई शुरूवातों द्वारा **सम्मिलित विकास** पर केन्द्रित है। कायाकल्प योजना निम्नलिखित पर आधारित है :

(ए) पारदर्शी, न्यायसंगत और लोकोपकारिक दृष्टिकोण जिससे स्टेकहोल्डर्स को प्रोत्साहन और टीम निर्माण

(बी) गहन प्रशिक्षण द्वारा अद्यस्तनों का विकास

(सी) 'लीड बाई एक्जाम्पल' थियोरी के द्वारा कड़े अनुशासन लागू करना

(डी) नई खोज को बढ़ावा और स्टेट-ऑफ-द-आर्ट तकनीकी अपनाना

(इ) लोकतांत्रिक योजना और स्वेच्छाचारिता पर नियंत्रण

इन शुरूवातों से ये परिणाम मिले :

कोयला उत्पादन में वर्षों की स्थिरता के बाद 4.1% वृद्धि वर्ष 2013-14 में और 11.3% वृद्धि वर्ष 2014-15 में। वर्ष 2014-15 में हुई वृद्धि कोल इण्डिया लिमिटेड की सभी कम्पनियों में सर्वाधिक है। यह डबल डिजिट वृद्धि भविष्य में भी जारी रहेगी जो देश की किसी भी कोयला कम्पनी के लिए अभूतपूर्व होगा। दो वर्षों 2013-15 के दौरान 6 ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट, 40 एमटी क्षमता के (जो आगे विस्तार द्वारा 100 मि. टन) शुरू किये गये जिसका समतुल्य कोयला उद्योग में कोई नहीं है। इसके अन्तर्गत बड़ी परियोजना मगथ ओसी (51 एमटीवाई - एशिया की सबसे बड़ी प्रस्तावित कोयला खदान) और आम्रपाली ओसी (12 एमटीवाई) हैं।

वे एक लोकोपकारी व्यक्ति हैं और समाज के कमजोर वर्ग की भलाई के लिए सामाजिक कार्यों में बहुत रूचि रखते हैं। उनके योग्य मार्गदर्शन से कम्पनी देश में कोयले की मांग को पूरा करने के ध्येय को संभालेगी।

श्री दीपक कुमार घोष

श्री दीपक कुमार घोष ने निदेशक (वित्त) का पदभार सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में 6 जुलाई, 2013 को ग्रहण किया और 2014-15 में विभिन्न कार्यभारों, निदेशक (कार्मिक) प्रभारी और निदेशक (तकनीकी/संचालन) का कार्य भी सफलता पूर्वक प्रभावी रूप से निभाया।

इन्होंने कोयला उद्योग में विशेषत: सीसीएल एवं इसीएल में 33 वर्षों से वित्त क्षेत्र में विभिन्न पदों पर अपनी कार्यकुशलता दर्शाई।

इनका जन्म 1959 में कोलकाता में हुआ और कोलकाता विश्वविद्यालय से कॉमर्स ग्रेजुएट बनें। इन्होंने अपने व्यावसायिक योग्यताएँ इन्स्टिट्युट ऑफ कॉस्ट एण्ड अकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया और इन्स्टिट्युट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इण्डिया से प्राप्त की।

इन्हें 27 जनवरी, 2014 से प्रणाली विभाग का कार्यभार दिया गया। फिर 1 जुलाई, 2014 को सीसीएल के निदेशक प्रभारी (सेल्स एण्ड मार्केटिंग) की जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई। निदेशक (कार्मिक) प्रभारी का कार्यभार सफलता पूर्वक सरलता से निभाया। निदेशक (तकनीकी/संचालन) के पदभार त्याग देने पर उन्होंने नये निदेशक (तकनीकी/संचालन) की नियुक्ति तक पद का कार्यभार सम्भाला।

श्री प्रदीप कुमार तिवारी

श्री प्रदीप कुमार तिवारी ने 7 फरवरी, 2015 को सीसीएल में निदेशक (तकनीकी/संचालन) का पदभार लिया।

इस चयन के पहले, श्री तिवारी मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) / मुख्य महाप्रबंधक - तकनीकी सचिव, सीएमडी, एनसीएल के पद पर थे। अक्टोबर, 2011 को श्री तिवारी का स्थानांतरण एनसीएल से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में हुआ जहाँ वे मुख्य महाप्रबंधक (योजना एवं परियोजना) रहें। श्री तिवारी इण्डियन स्कूल ऑफ माइन्स (आईएसएम), धनबाद के 1979 बैच के माइनिंग इंजिनियरिंग के ग्रैजुएट हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल की शुरूआत जुनियर एक्ज़िक्यूटिव ट्रेनी के रूप में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (पहले डब्लुसीएल) के चिरिमिरी क्षेत्र से 1979 में किया। बाद में उनकी पदोन्नति

विश्रामपुर क्षेत्र, एसईसीएल के प्रबंधक के रूप में स्थानांतरण के साथ हुई। ईसीएल में 2001 में स्थानांतरण से पहले इन्होंने एसईसीएल के विभिन्न प्रबंधकीय क्षमता पर 22 वर्ष (1979 से 2001 तक) कार्य किया।

श्री तिवारी का खनन उद्योग में 36 वर्ष का अनुभव है। इन्हें खुली एवं भूमिगत खदान एवं खदानों की योजनाओं में विभिन्न पदों पर कार्य किये हैं। ये 2015 में ऑस्ट्रेलिया में इण्डियन माइनिंग मिशन पर गये सीआईएल के दल के मुखिया थे जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और एआईएमइएक्स 2015 के विभिन्न खानों का दौरा किया।

श्री राधाश्याम महापात्रो

श्री राधाश्याम महापात्रो ने सीसीएल (कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी) के निदेशक (कार्मिक) का पदभार 8 जून, 2015 से सम्भाला। सीसीएल में निदेशक (कार्मिक) बनने से पहले उनका अनुभव ऊर्जा, तेल और कोयला उद्योगों में विभिन्न पदों पर रहते हुए कार्य करने का है। सीसीएल में श्री आर. एस. महापात्रो ने महा प्रबंधक (कार्मिक - औद्योगिक सम्बन्ध और भर्ती), सहायक महा प्रबंधक (एच आर), ईआईएल और वरीय प्रबंधक (एच आर), एनएचपीसी के दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने खाल्लीकोट कॉलेज, बेहरामपुर, ओड़िसा से फिजिक्स विषय के साथ स्नातक किया और स्नातकोत्तर की उपाधि कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक सम्बन्ध और श्रमिक कल्याण में प्राप्त की। श्री महापात्रो ने कई क्षेत्र जैसे एच आर फंक्शन, लाइजन और कोऑर्डिनेशन को बखुबी सम्भाला है। एनएचपीसी, ईआईएल और सीसीएल, राँची में उन्होंने प्रोडक्टिव वर्क कल्चर की शुरूआत की। एनएचपीसी में कार्य करते हुए उन्हें श्रेष्ठ कार्यों के लिए ग्रीनटेक एनवायरॉन्मेन्ट अवार्ड प्राप्त किया।

श्री महापात्रो ने महा प्रबंधक (पी एण्ड आइआर) के रूप में अक्टुबर, 2013 से एच आर कार्यों में उदाहरणात्मक परिवर्तन किये। उनके द्वारा किए गये इन प्रयासों से कम्पनी की छवि अच्छी हुई है और कम्पनी को प्रसिद्धि प्राप्त हुई है।

उन्होंने कोल इण्डिया द्वारा प्रायोजित विभिन्न प्रशिक्षण जैसे एडवांस मैनेजमेन्ट प्रोग्राम जर्मनी में, स्वीडन में एडवांस टेक्नोलॉजी एण्ड ऑरगानाइजेशनल कल्चर पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्री महापात्रो उत्पादकता में सुधार, ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण और पारिस्थितिकी में विशेष रूचि रखते हैं। वे प्रशासन को दायित्वपूर्ण और समाज की जरूरतों एवं आशा के अनुरूप बनने के लिए समर्पित रूप से सुधार के कार्य करते हैं। पारदर्शिता एवं नेतृत्व और टीमवर्क में विश्वास इनकी विशेष योग्यता है।

श्री सुबीर चन्द्रा

श्री सुबीर चन्द्रा ने दिनांक 09.06.2015 को सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) का पद ग्रहण किया। इन्होंने इण्डियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद से 1979 में खनन अभियांत्रिकी में ग्रेजुयेशन किया और जेट की हैसियत से ईसीएल में बंकोला क्षेत्र के मोइरा कोलियरी में पदस्थापित हुए। 1985 में इन्होंने अपना एम. टेक. खुली खदान खनन पर किया। 2002 में इनका परियोजना अधिकारी के रूप में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के नागपुर क्षेत्र में स्थानान्तरण हुआ। 2008 जनवरी तक इन्होंने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को अपनी सेवाएँ दीं इसके बाद इनका स्थानान्तरण एमसीएल के ईब वैली क्षेत्र में महाप्रबंधक के रूप में हुआ। निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) के रूप में पदोन्नति से पहले वे एमसीएल के लिंगराज क्षेत्र में महाप्रबंधक के पद पर रहे।

प्रारम्भिक दौर में श्री चन्द्रा को सेमी-मेकनाइज्ड और लोडरलेस भूमिगत खदान और बड़े खुली खदानों का विस्तारित अनुभव रहा। इन्हें भूमिगत एवं खुली खदानों के स्टेट-ऑफ-आर्ट तकनीकी के साथ संचालन का पर्याप्त मौका मिला।

निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) के रूप में इनके ऊपर कई महत्वपूर्ण विभागों का भार है जिनकी भूमिका सीआइएल द्वारा 2019-20 में 1 बीटी उत्पादन प्राप्त करने में महत्वपूर्ण है।

ये मृदु स्वभाव के हैं और निर्णय में दृढ़ हैं। ये अत्यंत उत्साही स्वभाव के एवं खनन समस्याओं को सुलझाने में आत्म विश्वास से भरपूर हैं। सीसीएल को इनके समृद्ध एवं विस्तारित अनुभव से पर्याप्त लाभ होगा।

श्री आर. पी. गुप्ता, *आईएएस*

श्री आर. पी. गुप्ता 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इन्होंने कानपुर आईआईटी से एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बी. टेक किया। इन्होंने कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों में अपनी सेवाएँ दी जिनमें शिक्षा विभाग, गुजरात सरकार के मुख्य सचिव का पद शामिल है। इनके कैरियर में निम्न लिखित प्रमुख उपलब्धियाँ हैं :

(ए) गाँव और भूमि पार्सल नक्शे सहित भूमि रेकॉर्ड का डिजिटाइजेशन और जियोस्पेटियल इमेजरी के साथ मिलान जिसके द्वारा पूरे गुजरात में आधुनिक तकनीकी से दुबारा सर्वे की शुरूआत हुई।

(बी) गुजरात के 35,000 स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के, वार्षिक आकलन के लिए संप्रत्ययीकरण किया गया और लागू किया गया और एक पारदर्शी पूरी तरह से कम्प्युटराइज्ड और त्वरित प्रणाली से सिर्फ एक माह में दस हजार शिक्षकों की नियुक्ति पूरी तरह से मेरिट के आधार पर हुई।

(सी) पीडीएस में मासिक बायो-मेट्रिक वेरिफिकेशन प्रणाली पूरे राज्य में लागू की गई।

इन्होंने दिनांक 15.04.2015 से कोयला मंत्रालय में ज्वाइंट सेक्रेटरी का पदभार ग्रहण किया। ये सीसीएल बोर्ड और इसके उप समितियों के प्रमुख सदस्य हैं।

श्री आर. मोहनदास

श्री आर. मोहनदास कोल इण्डिया लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक और औ. सं.) हैं। इन्होंने सोशल वर्क पर ग्रेजुएट की डिग्री मदुरै विश्वविद्यालय से किया है। इन्होंने युनाइटेड किंगडम, केम्ब्रिज, क्विन्स कॉलेज से 'एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम' और युनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका के पेनसिल्वानिया के विश्वविद्यालय के वॉर्टन स्कूल से 'मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम' किया है।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मानव संसाधन विभाग से श्री दास ने अपने प्रोफेशनल कैरियर की शुरूआत 34 वर्ष पहले की थी। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स में कार्य के दौरान इन्होंने मानव संसाधन में कई शुरूआत की जैसे 'इन्टिग्रेटेड ह्युमन रिसोर्सेस इन्फॉर्मेशन सिस्टम', पेपर लेस कार्यालय के कन्सेप्ट में और 'इ-एनेबल्ड परफॉर्मेंस मैनेजमेंट सिस्टम', अधिकारियों के लिए विकसित कर शुरू किया जो बैलेंस स्कोरकार्ड के साथ लिंक था।

कोल इण्डिया लिमिटेड में पदस्थापित होने से पहले ये महाप्रबंधक (कार्मिक और प्रशासन) के रूप में राज्य सरकार के मद्रास फर्टीलाइजर लिमिटेड, चेन्नई में पदस्थापित थे। 'आईएसओ क्वालिटी सिस्टम' में इन्होंने प्रशिक्षण लिया और टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट में लीड एक्सेसर रहे।

निदेशक (का/औ. सं.), कोल इण्डिया लिमिटेड के नाते श्री दास ने कोल इण्डिया लिमिटेड में अपने कार्यकाल के दौरान कोल इण्डिया लिमिटेड के कार्मिक नीतियों को बनाने और उनको लागू करने का दायित्व निभाया। इन्होंने मानव संसाधन के क्षेत्र में कई उपलब्धियाँ जिसमें मुख्य रूप से कोल इण्डिया वेतन समझौतों — पहला, 2009 के जनवरी के माह में और दूसरा, जनवरी, 2012 में जिससे लगभग 375 हजार कामगार लाभान्वित हुए। यह द्विपक्षीय समझौता, 5 वर्षों के लिए किसी भी सरकारी उपक्रम में पहली बार हुआ है। अन्य कई एच आर प्रयास की शुरूआत इनके नेतृत्व में संस्था संस्कृति में परिवर्तन के लिए किये गये। सीसील के अलावा, कोल इण्डिया लिमिटेड और वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड के निदेशक का पद इन्होंने सम्भाला है।

श्री दास ने निम्नलिखित समिति/बोर्ड में सदस्य के रूप में राष्ट्रीय पॉलिसी बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है :

(ए) सेन्ट्रल एडवाइजरी कॉन्ट्रैक्ट लेबर बोर्ड के सदस्य।

(बी) एप्रेन्टिसशिप अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत सेन्ट्रल एप्रेन्टिसशिप काउंसिल (सीएसएफ) के सदस्य।

(सी) स्कोप के एक्सिक्युटिव बोर्ड के सदस्य।

(डी) मिनिमम वेजेस अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत सेन्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड (सीएबी) के सदस्य।

एच आर के क्षेत्र में श्री दास के सहयोग को देखते हुए उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया और उनका नाम 'मोस्ट पावरफुल एच आर प्रोफेशनल्स ऑफ इण्डिया' नामक पुस्तक में दर्ज किया गया।

गैर-सरकारी अंशकालीन निदेशक

श्री भारत भूषण गोयल

श्री भारत भूषण गोयल पूर्व सिविल सेवक रहें जो 30 जून, 2015 में एडि. चीफ एडवाइज़र (कॉस्ट), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार और इण्डियन कॉस्ट अकाउंट्स सर्विस के प्रमुख के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

27 जून, 1955 में पंजाब के संगरूर में जन्में, इन्होंने कॉमर्स में ग्रैजुएट करके इकोनॉमिक्स में मास्टर्स किया। ये इन्स्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउन्टेन्ट के फेलो सदस्य और एआईएमए और डीएमए के लाइफ सदस्य हैं। इन्होंने स्ट्रेथक्लिड विश्वविद्यालय, यु. के., इन्टरनेशनल लॉ इन्स्टिट्यूट, युएसए और नेशलन लॉ स्कूल ऑफ इण्डिया, बैंगलोर से विशेष प्रशिक्षण लिए हैं।

इन्हें भारत सरकार और कॉर्पोरेट सेक्टर में लगभग 40 वर्षों का वृत्तिक अनुभव है। भारत सरकार में इन्होंने विभिन्न मंत्रालय / विभागों में विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया है। इण्डियन कॉस्ट अकाउंट्स सर्विस में 1983 में पदस्थापना के पूर्व इन्होंने एचएमटी लिमिटेड, पंजाब हाऊसहोल्ड लिमिटेड और पंजाब हाऊसिंग डेवलपमेंट बोर्ड लिमिटेड में कार्यरत रहे।

इनके पास पब्लिक पॉलिसी, फायनंशियल प्रबंधन, कॉर्पोरेट मूल्यांकन, विनिवेश, कॉस्ट बेनिफिट अनालिसिस, बिजनेस रिस्ट्रक्चरिंग, एफेक्टिव रेगुलेटरी लैंडस्केप, कॉस्ट प्रबंधन, प्रोडक्ट प्राइसिंग, रिस्क बेस्ड ऑडिट, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व आदि क्षेत्रों में विशेषज्ञता है।

ये कई उच्च स्तरीय राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्था / कमिटी के अध्यक्ष / सदस्य रह चुके हैं और कई कम्पनियों, संस्थाओं और ऑटोनॉमस संस्था के बोर्ड सदस्य रहें जहाँ इन्होंने मूल्यवान सुझाव दिये।

श्री गोयल हरियाणा सरकार द्वारा सहकारी चीनी मिलों के लिए तकनीकी एवं वित्तीय अंकेक्षण के लिए गठित कमिटी के अध्यक्ष हैं, नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फायनन्शियल मैनेजमेंट के फैकल्टी सदस्य हैं, मैनेजमेंट अकाउंटिंग रिसर्च फाउंडेशन के सलाहकार और सदस्य कॉस्ट ऑडिट एण्ड एश्युरेन्स स्टैण्डर्ड बोर्ड, आईसीएआई और सीआईआई - टीसीएम एप्रुव एडवाज़र, कुल कॉस्ट मैनेजमेंट के हैं।

इन्होंने विभिन्न समसामयिकी विषयों पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय फोरम पर पेपर / वक्तव्य दिये हैं। ये कई शीर्ष बी-स्कूल, प्रोफेशनल बॉडिज़, अकादमिक संस्थाएँ, शोध संस्थाएँ और कॉर्पोरेट वर्ल्ड के साथ फैकल्टी / विशेर्ष के रूप में जुड़े हैं।

श्री अशोक गुप्ता

श्री अशोक गुप्ता का जन्म 29 जनवरी, 1957 को हुआ। उन्होंने 1977 में श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से ऑनर्स के साथ कॉमर्स ग्रैजुएशन किया। श्री गुप्ता ने 1980 में सीए परीक्षा में देश के मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर सफलता पाई और इन्स्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इण्डिया के फेलो मेम्बर बने।

सीए अशोक गुप्ता को टैक्सेशन, ऑडिट, अकाउंटिंग, फायनान्स, बैंकिंग, लॉ एडुकेशन और स्ट्रैटेजिक प्लानिंग और बिजनेस मैनेजमेन्ट में 34 वर्षों का अनुभव है।

श्री अशोक गुप्ता ने अपने कैरियर की शुरूआत अशोक प्रवीण एण्ड कं. चार्टर्ड अकाउंटेंट्स में प्रैक्टिसिंग प्रोफेशनल के रूप में 1981 से की और अब तक जुड़े हैं। ये कई बैंकों एवं बीमा कम्पनी में सांविधिक अंकेक्षक हैं।

श्री गुप्ता इण्डियन बैंक के अप्रशासकीय निदेशक और विजया बैंक के सरकारी नामित थे। श्री गुप्ता ने विशेष निदेशक (बीआईएफआर नामित) के रूप में सीआईएमएमसीओ लिमिटेड और एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड को अपनी सेवा दी है।

स्थाई आमंत्रित

श्री बासु देव रॉय

मुख्य संचालन प्रबंधक
पूर्व मध्य रेलवे

श्री यू. पी. सिंह

सचिव (खान एवं भूगर्भ)
झारखण्ड सरकार

परिशिष्ट -II

वी. सिंघी एण्ड एशोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

सेवा में

सदस्यगण

मेसर्स सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड

1. हमने 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष हेतु सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा कॉरपोरेट गवर्नेन्स की शर्तों के अनुपालन संबंधी दी गई विवरणी की जांच की यद्यपि सूची में प्रदर्शित करार का अनुच्छेद-49 कम्पनी में लागू नहीं होता है।

2. कॉरपोरेट गवर्नेन्स की शर्तों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। कॉरपोरेट गवर्नेन्स की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु कम्पनी द्वारा स्वीकृत सीमा को देखते हुए हमारी यह जांच उसकी प्रक्रिया तथा उसके क्रियान्वयन की जांच तक ही सीमित थी। किन्तु कम्पनी की वित्तीय विवरणियों पर हमारी इस जांच को न तो अंकेक्षण और न ही इसे हमारे मन्तव्य की अभिव्यक्ति माना जाए।

3. हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास तथा हमे उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार तथा निदेशकों एवं प्रबंधनों द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण के आधार पर हम यह प्रमाणित करते हैं कि कम्पनी ने कॉरपोरेट गवर्नेन्स की शर्तों का अनुपालन किया है।

4. हम पुन: यह भी प्रमाणित करते हैं कि ऐसा अनुपालन कम्पनी की भावी सक्षमता का न तो कोई आश्वासन है और न यह दक्षता या प्रभावीकरण ही दर्शाता है जिसके फलस्वरूप प्रबंधन ने कम्पनी के कार्यों का संचालन किया।

कृते वी. सिंघी एण्ड एशोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
(फर्म पंजीकृत संख्या : 311017ई)
ह./-
(अनिरुद्ध सेनगुप्ता)
पार्टनर
सदस्य सं. : 051371

स्थान - राँची
दिनांक - 24 मई, 2016

परिशिष्ट-III

सचिवालयीन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

(31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए)

(कम्पनी अधिनियम, 2013 के सेक्शन 204(1) और
कम्पनी के नियुक्ति और क्षतिपूर्ति कार्मिक नियम, 2014 के नियम संख्या 9 के अनुसार)

सेवा में,

सदस्यगण,
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड,
दरभंगा हाउस, राँची
झारखण्ड

हमने अच्छे निगमित अभ्यास से जुड़े **सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (कम्पनी)** का लागू संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करते हुए सचिवालयीन लेखा परीक्षा का संचालन किया है। सचिवालयीन लेखा परीक्षण इस प्रकार से संचालित किया गया है जो हमें निगमित चरित्र/संवैधानिक अनुपालन के मूल्यांकन का उचित आधार दे सके और मेरा मत मैं दे सकूँ। हमने कम्पनी बुक्स, पेपर्स, मिनट बुक्स, फॉर्म्स और रिटर्नस फाईल और अन्य रिकॉर्ड्स जो कम्पनी की देख-रेख में है, उनका सत्यापन किया है और जो सूचनाएँ कम्पनी, उसके आधिकारिक एजेन्टों और सक्षम प्रतिनिधियों द्वारा सचिवालयीन लेखा परीक्षण के दौरान प्राप्त हुए हैं, इन सब पर आधारित हम अपने विचार व्यक्त करते हैं कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए लेखापरीक्षण के दौरान कम्पनी ने निम्नलिखित संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और कम्पनी के पास उपयुक्त बोर्ड प्रोसेस और अनुपालन तरीके सही स्थान पर है जिन्हें बाद में रिपोर्ट में विवृत किया जायेगा :

हमने कम्पनी के देख-रेख में रखे बुक्स, मिनट बुक्स, फॉर्म्स और रिटर्न फाईल तथा अन्य रिकॉर्ड्स वित्तीय वर्ष के अंत 31 मार्च, 2016 का परीक्षण किया है जो प्रावधानों के अन्तर्गत है :

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन नियम बनाए गये;

2. फॉरेन एक्सचेंज प्रबंधन अधिनियम, 1999 के अधीन नियम और शर्तें बनाई गई;

3. डिपार्टमेन्ट ऑफ पब्लिक एन्टरप्राइजेस, भारत सरकार के द्वारा जारी केन्द्रीय पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइजेस के लिए निगमित प्रशासन के दिशानिर्देश;

4. कम्पनी द्वारा दिये गये सूचना के अनुसार, कम्पनी के पास उचित प्रणाली है जिससे इस पर लागू विशेष नियमों के प्रावधान का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकता है। (अनुलग्नक - 1 में लागू होनेवाली सूची है);

5. बोर्ड के गठन के लिए कोयला मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना।

पुनरीक्षण के अन्तर्गत आने वाली अवधि के दौरान कम्पनी ने अधिनियम के प्रावधानों, नियम, शर्तों, दिशानिर्देश, स्टैण्डर्ड्स आदि जो ऊपर के विषय में दिये गये हैं, का अनुपालन किया है जिसके निम्नलिखित अवलोकन हैं :

आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के क्लॉस 4 के अन्तर्गत कम्पनी एक प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी है जो **कोल इण्डिया लिमिटेड** के स्वामित्व की सबसिडियरी है साथ 4 (चार) सदस्य / शेयरहोल्डर्स जैसे कोल इण्डिया लिमिटेड, अध्यक्ष, सीआईएल, निदेशक (वित्त), सीआईएल और अध्यक्ष/मैनेजिंग डायरेक्टर, सीसीएल। फिर भी कम्पनी अधिनियम, 2013 के सेक्शन 2(71) के अन्तर्गत यह कम्पनी एक पब्लिक कम्पनी है अत: पब्लिक कम्पनी के प्रावधान इस पर लागू है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

(ए) राष्ट्रपति, भारत, के अनुमोदन से, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र क्र. 21/35/2005-एएसओ (iv) दिनांक 6 जून, 2008 कम्पनी के बोर्ड का पुन:गठन हुआ जिसमें पाँच कार्यकारी निदेशक, दो अंशकालिक निदेशक, सरकारी प्रतिनिधि और पाँच गैर-कार्यालयीन निदेशक होते हैं। इस प्रकार कुल निदेशकों की संख्या बारह है और दो स्थाई आमंत्रित अतिथि, एक इस्टर्न सेन्ट्रल रेलवे और दूसरा सचिव, खान एवं भूगर्भ विभाग, झारखण्ड सरकार। वर्तमान में पाँच निदेशक बोर्ड में हैं, साथ में तीन कार्यकारी निदेशक और दो सरकारी निदेशक हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 के अंत में नौ निदेशक बोर्ड में हैं जिनमें पाँच कार्यकारी निदेशक, दो अप्रशासकीय अंशकालीन सरकारी निदेशक और दो अप्रशासकीय अंशकालीन निदेशक हैं।

(बी) वर्ष के दौरान सीएसआर कमिटी का गठन हुआ।

(सी) रिपोर्टिंग वित्तीय वर्ष के अंत तक कम्पनी में कोई महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं हुई।

(डी) सभी निदेशकगणों को बोर्ड बैठक के शिड्यूल, अजेन्डा और अजेन्डा के विस्तार से नोट अग्रिम नोटिस द्वारा भेजे जाते हैं और एक प्रणाली बनाई गई है जिसके द्वारा अजेन्डा के मदों पर बैठक के पहले सूचनाएँ और स्पष्टिकरण ज्ञात हो सके और बैठक को सफल बना पाएँ। सेक्रेटरियल स्टैन्डर्ड - I की जरूरत को ध्यान में रखा गया है हालाँकि हमारे मत से शीर्ष प्रबंधन स्तर पर मिनट्स के रिकॉर्डिंग पर विचार की आवश्यकता है। फिर भी ब2ठक में हुए निर्णय मिनट्स में हैं और अजेंडा में विस्तृत संदर्भ है।

ये रिपोर्ट कम्पनी द्वारा दी गई सूचनाओं एवं रिकॉर्ड जो उनके द्वारा सुरक्षित रखे गये हैं, उनके आधार पर बनाई गई है। कम्पनी के पास पर्याप्त ऐसी प्रणालियाँ हैं जिनके द्वारा इसके आकार और संचालन के अनुरूप लागू नियमों, नीतियों, शर्तों एवं दिशानिर्देश के अनुपालन की निगरानी एवं सुनिश्चित की जा सके।

कृते **कांत सनत एण्ड एसोसिएट्स**

ह./-

(सीएस सनत कुमार मिश्रा)

पार्टनर

सी. पी. नं. - 8705

स्थान : राँची

दिनांक : 23.05.2016

सचिवालयीन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की अनुलग्नक - I

1. माइन्स अधिनियम, 1952;
2. मिनरल कन्सेशनल रूल, 1960;
3. माइन्स एण्ड मिनरल (रेग्युलेशन एण्ड डेवलपमेन्ट एक्ट,1957);
4. द माइन्स रूल, 1955;
5. कोल माइन्स रेग्युलेशन्स, 1959;
6. द एक्सप्लोसिव रूल, 1884;
7. द एक्सप्लोसिव रूल, 1983;
8. कोकिंग कोल माइन्स (राष्ट्रीयकरण) एक्ट, 1972;
9. द कोल माइन्स (राष्ट्रीयकरण) एक्ट, 1973;
10. द कोल माइन्स (राष्ट्रीयकरण) संशोधन एक्ट, 1993;
11. द कोल माइन्स (टेकिंग ओवर मैनेजमेन्ट एक्ट), 1973;
12. द कोल माइन्स (संरक्षण एवं विकास) एक्ट, 1974;
13. द कोल माइन्स (स्पेशल प्रॉविजन्स) II ऑर्डिनेन्स, 2014;
14. द कोल माइन्स स्पेशल प्रॉविजन्स रूल्स, 2014;
15. द कोल बियरिंग एरियास (एक्विजिशन एण्ड डेवलपमेन्ट एक्ट) 1957;
16. द कोल माइन्स प्रॉविडेन्ट (मिसलेनियस प्रॉविजन्स) एक्ट, 1948;
17. माइन्स वोकेशनल ट्रेनिंग रूल्स, 1966;
18. माइन्स रेस्क्यू रूल्स, 1985;

19. माइन्स (पोस्टिंग ऑफ एबस्ट्रैक्ट्स) रूल्स, 1954;

20. पेमेन्ट ऑफ अनडिस्बर्स्ड वेजेस (माइन्स) रूल्स, 1989;

21. इण्डियन ब्युरो ऑफ माइन्स, सिनियर टेक्निकल एसिस्टेन्ट(सर्वे, जुनियर टेक्निकल एसिस्टेंस (सर्वे) और जुनियर सर्वे रिक्रुटमेन्ट) रूल्स, 1990;

22. द कोल माइन्स पिट हेड बाथ रूल्स, 1959;

23. द माइन्स क्रेशेस रूल्स, 1966;

24. इण्डियन ब्युरो ऑफ माइन्स (इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर एण्ड इलेक्ट्रिशियन) भर्ती रूल, 1990;

25. मैटरनीटी बेनिफिट (माइन्स) रूल्स, 1963;

26. पेमेन्ट ऑफ वेजेस (माइन्स) रूल्स, 1956;

27. कोल माइन नैशनलाइजेशन (प्रॉविडेन्ट फण्ड, ग्रेच्युटी, पेंशन, वेलफेयर फण्ड) रूल्स, 1978;

28. मेटेलिफेरस माइन्स रेग्युलेशनस, 1961;

29. माइनिंग लीजेस (मॉडिफिकेशन्स ऑफ टर्म्स) एक्ट, 1956;

30. कोलियरी कन्ट्रोल ऑर्डर, 2000;

31. कोलियरी कन्ट्रोल रूल्स, 2004;

32. ऑक्शन बाई कॉम्पिटिटिव बिडिंग ऑफ कोल माइन्स रूल्स, 2012;

33. कोल माइन्स एडवाइजरी बोर्ड रूल्स, 1973;

34. द एनवायरनमेन्ट (प्रोटेक्शन) एक्ट, 1986;

35. इन्डस्ट्रियल डिसप्युट एक्ट, 1947;

36. पेमेन्ट ऑफ वेजेस एक्ट, 1936;

37. ट्रेड युनियन एक्ट, 1926;

38. वर्कमेन कम्पेनसेशन एक्ट, 1923;

39. हजार्डस वेस्टस (मैनेजमेन्ट हैन्डलिंग एण्ड ट्रांस-बाउण्डरी मुवमेन्ट) नियम - 2008;

40. पानी (संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1974;

41. हवा (संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1981

42. फैक्टरी अधिनियम, 1948;

43. मिनिमम वेजेस अधिनियम, 1948;

44. द एम्प्लॉइज़ स्टेट इन्श्युरेन्स अधिनियम, 1948;

45. द एम्प्लॉइज़ प्रविडेन्ट फण्ड एण्ड मिसलेनियस प्रॉविज़न अधिनियम, 1952;

46. पेमेन्ट ऑफ बोनस अधिनियम, 1965;

47. पेमेन्ट ऑफ ग्रैच्युटी अधिनियम, 1972;

48. द कॉन्ट्रैक्ट लेबर (प्रॉहिबिशन एण्ड रेगुलेशन) अधिनियम, 1986;

49. द इण्डस्ट्रियल एम्प्लॉयमेन्ट (स्टैन्डिंग ऑर्डर) अधिनियम, 1946;

50. कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923;

51. द अप्रेन्टिस एक्ट, 1961;

52. द इक्वल रेमुनरेशन अधिनियम, 1976;

53. द सेक्सुअल हरासमेन्ट ऑफ वुमन एट वर्क प्लेस (प्रिवेन्शन, प्रॉहिविज़न एण्ड रेडरेस्ड) अधिनियम, 2013।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लेखा पर कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ब) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

कम्पनीज् अधिनियम, 2013 के तहत वित्तीय रिपोर्ट हेतु विनिर्दिष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसरण में 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष हेतु सीसीएल के वित्तीय विवरणों की तैयारी का उत्तरदायित्व इस कम्पनी के प्रबन्धन पर है। कम्पनीज् अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक अंकेक्षक का उत्तरदायित्व है कि वह वित्तीय विवरणों पर कम्पनी अधिनियम, 2013 के धारा 143 के तहत स्वतंत्र अंकेक्षण पर आधारित, जो कि कम्पनीज् 2013 के धारा 143(10) के तहत वर्णित है, अपनी राय व्यक्त करें। ऐसा सूचित किया गया है उनकी अंकेक्षण-रिपोर्ट दिनांक 24.05.2016 के द्वारा उनके द्वारा ऐसा अनुपालन किया गया है।

मैंने भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक की ओर से कम्पनीज् अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ए) के तहत 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष हेतु सीसीएल की वित्तीय विवरणियों का पूरक अंकेक्षण कर लिया है। इस पूरक अंकेक्षण का कार्य सांविधिक अंकेक्षकों के दस्तावेजों का ख्याल किये बिना ही किया गया है तथा यह कार्य सांविधिक अंकेक्षकों की जांच, कम्पनी अधिकारी तथा लेखा-अभिलेखों की कुछ विशेष जांचों तक ही सीमित है। मेरे अंकेक्षण के आधार पर मैं अधिनियम की धारा 143(6)(बी) के तहत निम्नलिखित मामलों को उजागर करना चाहता हूँ जो मेरे ध्यान में आ गये हैं और जो मेरे विचार में वित्तीय बयान की एक बेहतर समझ और सम्बन्धित ऑडिट रिपोर्ट को सक्षम करने के लिए आवश्यक है।

लाभदायिता पर टिप्पणी

नोट - 5 :	लम्बी अवधि के प्रावधान	—	रु. 2140.20 करोड़
	कर्मचारियों के अन्य लाभ	—	रु. 229.29 करोड़

अकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड्स (ए एस)-15 में 'कर्मचारी - लाभ' के अन्तर्गत डिफाईन्ड बेनिफिट प्लान ऑन एक्चुरियल वैल्युएशन बेसिस पर देयताओं की पहचान की गई है। कम्पनी ने हालाँकि पोस्ट रिटायरमेन्ट मेडिकल बेनिफिट, एक डिफाइन्ड लाभ योजना है जिसमें रु. 75.62 करोड़ अर्थात् बेसिक वेतन का 4% धन डियरनेस अलाउंस की रकम आवश्यक राशि 59.01 करोड़ जो एक्चुरियल वैल्युएशन बेसिस के तहत है, का प्रावधान किया है।

इस कारण लम्बी अवधि प्रावधान का ओवर स्टेटमेन्ट और लाभ का अंडर स्टेटमेन्ट, 16.61 करोड़ का हुआ है।

कृते एवं की ओर से,
भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक,
ह./-
(प्रवीर कुमार)
मुख्य निदेशक, वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
एवं पदेन सदस्य, ऑडिट बोर्ड - II
कोलकाता

कोलकाता
दिनांक : 08 जुलाई, 2016

निदेशक रिपोर्ट के भाग के रूप में परिशिष्ट

(31.03.2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए)

परिशिष्ट - V

चैप्टर XII के अनुसरण में नियम - 5 नियुक्ति एवं पारिश्रमिक ऑफ मैनेजरियल पर्सनल रूल्स, 2014 के तहत सूचना

वर्ष 2015-16 के दौरान 60.00 लाख रु. या उससे अधिक पारिश्रमिक पाने वाले कर्मचारियों की सूची *

क्रम सं.	नाम	विवरण	वर्ष के दौरान पारिश्रमिक (रु.)	नियोजन का प्रकार स्थायी / अस्थायी	योग्यता	अनुभव (वर्ष में)
	कुछ नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

वैसे कर्मचारी, जिन्होंने आलोच्य वर्ष (2015-16) के भाग में 5.00 लाख रु. प्रतिमाह की दर से कम पारिश्रमिक प्राप्त नहीं किया *

क्रम सं.	नाम	विवरण	वर्ष के दौरान पारिश्रमिक (रु.)	नियोजन का प्रकार स्थायी / अस्थायी	योग्यता	अनुभव (वर्ष में)
	कुछ नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

कम्पनीज अधिनियम, 2013 के सेक्शन 134 (3एम) के साथ कम्पनीज (अकाउंट्स) रूल्स, 2014 के सब क्लॉज 3(ए) के अनुसरण में सूचना

ऊर्जा संरक्षण

(i) ऊर्जा के संरक्षण के लिए 2015-16 में उठाये गये कदम और उनका प्रभाव

1. जवाहर नगर कॉलोनी के 100 सोडियम वेपर स्ट्रीट लाइट जो कि 250 वाट के थे को 24 वाट एलईडी से बदला गया।

2. 6000 केवीआर कैपेसिटर बैंक खरीदे गए हैं और उनके स्थापन का कार्य अलग अलग खदानों में पावर फैक्टर सुधरने के लिए चल रहा है।

विवरण	स्थान	वर्तमान स्थिति
2 x 900 केवीएआर, 11 केवी एपीएफसी के साथ	ढोरी	सामग्री सुपर्द कर दी गयी है। मई, 2016 तक कमीशन हो जाएंगे।
1 x 600 केवीएआर, 11 केवी एपीएफसी के साथ	ढोरी	
2 x 600 केवीएआर, 6.6 केवी एपीएफसी के साथ	कथारा कोलियरी	
1 x 300 केवीएआर, 6.6 केवी एपीएफसी के साथ	रजरप्पा	
6 x 300 केवीएआर, 3.3 केवी एपीएफसी के साथ	तोपा - 1 नॉर्थ उरीमारी - 3 तारमी - 2	
2 x 150 केवीएआर, 3.3 केवी एपीएफसी के साथ	पुण्डी	
1 x 300 केवीएआर, 3.3 केवी एपीएफसी के साथ	स्वांग	

3. खदानों में 1000 वाट मेटल हेलिदएड वाट के 100 लैंपों को 160 वाट एलईडी लाइट के द्वारा बदला गया।

4. खदानों में 400 वाट मेटल हेलिदएड वाट के 100 लैंपों को 110 वाट एलईडी लाइट के द्वारा बदला गया।

5. कॉलोनी के 500 सोडियम वेपर स्ट्रीट लाइट जो कि 250 वाट के थे को 40 वाट एलईडी से बदला गया।

6. 300 ट्यूब लाइट जो कि 40 वाट के थे को 18 वाट एलईडी से बदला गया।

7. 30 स्ट्रीट लाइटों में टाइमर लगाये गए हैं।

8. ग्यारह में से तीन क्षेत्रों ने खदान अनुसार अलग ऊर्जा मीटर की व्यवस्था की है और क्षेत्रों में भी स्थापना का कार्य चल रहा है।

(ii) कम्पनी द्वारा वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग के लिए उठाये गये कदम

1. 25 केवी ग्रीड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्र सेन्ट्रल रिपेयर शॉप, बरकाकाना के छत पर लगाने का कार्य पत्र दे दिया गया है।

2. 7.5 केवी ऑफ-ग्रीड सौर ऊर्जा संयंत्र बैटरी के साथ आम्रपाली प्रोजेक्ट के 5 तौल घरों के ऊपर लगाने का कार्य के लिए निविदा आमंत्रीत की गयी है।

3. 400 केवी ग्रीड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्र सीसीएल मुख्यालय के छत पर लगाने का प्रस्ताव अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

4. 15 वाट के 6 सौर लाइट फिटिंग सब-स्टेशन में लगाये गए हैं।

(iii) ऊर्जा संरक्षण उपकरणों पर कैपिटल इन्वेस्टमेंट

ऊर्जा संरक्षण के उपकरणों के कैपिटल निवेश पर वर्ष 2015-16 में लगभग 148.5 लाख रुपए का पूंजी निवेश किया गया।

कम्पनीज अधिनियम, 2013 के सेक्शन 134 (3एम) के साथ कम्पनीज (अकाउंट्स) रूल्स, 2014 के रूल - 8, सब क्लॉज 3(बी) के अनुसरण में सूचना

समावेशन (एब्जार्वशन) के संबंध में विवरण को प्रदर्शित करने वाला फॉर्म

अनुसंधान एवं विकास (आर एण्ड डी)

1.	विशेष क्षेत्र, जहां पर कंपनी द्वारा अनुसंधान एवं विकास कार्य चलाया गया।	कंपनी के पास अनुसंधान एवं विकास कार्य हेतु अपनी कोई व्यवस्था नहीं है। कोल इण्डिया लिमिटेड की सहायक कंपनी सीएमपीडीआई ही सीआईएल की सभी सहायक कंपनियों के लिए आरएण्डडी के कार्य केन्द्रीय रूप से करती है।
2.	उक्त अनुसंधान एवं विकास कार्यों के फलस्वरूप प्राप्त लाभ	—
3.	भावी कार्य योजना	—
4.	आरएण्डडी पर खर्च	रु. 0.95 करोड़ (सीआईएल से प्राप्त डेबिट नोट के आधार पर)
	(क) पूंजी	—
	(ख) आवर्ती	—
	(ग) योग	—
	कुल कारोबार के प्रतिशत के रूप में कुल आर एण्ड डी खर्च	—

प्रौद्योगिकी समावेशन, अनुकूलन एवं अभिनव परिवर्तन

1.	प्रौद्योगिकी समावेशन, अनुकूलन एवं अभिनव परिवर्तन के संबंध में किए गए प्रयास	—
2.	उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लागत में कमी लाने उत्पाद विकास तथा आयात प्रतिस्थापन इत्यादि के संबंध में किए गए प्रयासों के कारण हुए लाभ	शून्य
3.	विदेशी प्रौद्योगिकी (वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ से प्रारम्भ करते हुए पिछले 5 वर्षों के दौरान आयातित) के मामले में निम्नांकित सूचना दी जाए	
	(i) आयातित प्रौद्योगिकी	शून्य
	(ii) आयात का वर्ष	शून्य
	(iii) क्या प्रौद्योगिकी को पूर्णत: अपना लिया गया है?	शून्य
	यदि पूर्णत: नहीं अपनाया गया है तो उन क्षेत्रों का नाम बताएं, (कारण एवं भावी योजना के वर्णन सहित)	शून्य

कम्पनीज अधिनियम, 2013 के सेक्शन 134 (3एम) के साथ कम्पनीज (अकाउंट्स) रूल्स, 2014 के रूल - 8, सब क्लॉज 3(सी) के अनुसरण में सूचना

विदेशी विनिमय/मुद्रा/आय/व्यय

(i) निर्यात के संबंध में कार्य-कलाप यथा निर्यात बढ़ाने, उत्पादन के निर्यात के लिए विदेशी बाजार का विकास, निर्यात सेवाओं तथा निर्यात योजनाओं के कार्यकलाप — कंपनी निर्यात नहीं कर रही है।

(ii) अर्जित/उपयोग हो चुका कुल विदेशी विनिमय

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	*विवरण*	*2015-16*	*2014-15*
(क)	**उपयोग हो चुका विदेशी विनिमय (मुद्रा)**		
1.	ब्याज	0.00	0.00
2.	एजेन्सी कमीशन	0.00	0.00
3.	यात्रा / प्रशिक्षण खर्च	0.09	0.02
	योग	**0.09**	**0.02**

(ख) अर्जित विदेशी विनिमय (मुद्रा) : — **कंपनी द्वारा ऐसी कोई आय अर्जित नहीं की गई है।**

कम्पनी अधिनियम, 2013 के सेक्शन 134 के अन्तर्गत सीएसआर कार्य-कलापों का अतिरिक्त अनावरण

[कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अनुसार, कम्पनियों के लिए लागू नियम 8(1)2014 (निगमित सामाजिक दायित्व नीति) के संदर्भ अनुसार]

1. सीसीएल सीएसआर नीति का संक्षिप्त रूपरेखा

व्यापार एवं उद्योग, सामाजिक विकास और सामाजिक अच्छाई को बढ़ावा देने के लिए अस्तित्व में आए हैं। वे समाज से संसाधन प्राप्त कर धन-मान उत्पन्न करते हैं। इसलिए, व्यवसाय और समाज अन्योन्याश्रित हैं और व्यापार को समाज के प्रति अपने दायित्व को पूर्ण करना चाहिए। एक स्थिर सामाजिक वातावरण व्यापार, निवेश एवं औद्योगिक कार्यों के लिए पूर्व अपेक्षित है। अत: यह अपेक्षित है की उद्योग समाज के विभिन्न समस्याओं का ख्याल रख कर ऐसा वातावरण बनाए। यह सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) का दृढ़ निश्चय है। कोल इण्डिया लिमिटेड के परिवार में यह कम्पनी एक मिनी रत्न श्रेणी - 1 की केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम है। एक समय नुकसान में रहने वाली कम्पनी ने कुछ साल पहले शानदार बदलाव किया और रिकॉर्ड उत्पादन, उत्पादकता, लाभ और लोगों की देखभाल (4Ps) द्वारा अपनी वर्चस्व स्थापित किया है।

सीसीएल का एक मिनी रत्न कम्पनी बनना उसके कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों और झारखण्ड के लोगों के लिए "किसी सपने के सच होने" जैसा है - सीसीएल राज्य की सबसे बड़ी खनन उद्योग कम्पनी है। आस-पास के समुदाय का सीसीएल के साथ भावनात्मक लगाव है और कम्पनी को भारत में खनन के लिये, समाज का पूरा समर्थन प्राप्त है, जो अपने आप में अद्वितीय है। भावना, आकांक्षाओं के साथ अंत:स्थापित है और सीसीएल झारखण्ड राज्य के सात जिलों में कार्यरत है, जो ना कि केवल राज्य के औद्योगिक शक्ति (झारखण्ड का गहना) को दिखाता है बल्कि राज्य के लोगों के आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक भी है।

इस पृष्ठभूमि में, एक कॉर्पोरेट निकाय के रूप में सीसीएल का ध्यान समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याओं को सम्बोधित करने की जिम्मेदारी की तरफ पूर्ण केन्द्रित हो जाता है। हालाँकि समुदाय पर ध्यान केन्द्रित करने वाली सोच को कम्पनी की दृष्टि, उद्देश्य और कोर मूल्यों को भी दर्शाती है।

सीसीएल : दृष्टि, उद्देश्य और कोर मूल्यों

दृष्टि

अंतर्राष्ट्रीय मानक के सर्वोत्तम प्रथाओं के माध्यम से खदान से बाजार तक, देश में एक प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बनना।

मिशन

सुरक्षा, संरक्षण और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कोयला और कोयला उत्पादों की नियोजित मात्रा का कुशलतापूर्वक और मितव्ययतापूर्वक से उत्पादन और विक्रय करना।

उद्देश्य

- पीढ़ी के अनुकूलतम आंतरिक संसाधनों के द्वारा उत्पादकता में सुधार, अपव्यय को रोकने, और पर्याप्त बाहरी संसाधन की निवेश जरूरतों को पूरा करने के हेतु गतिमान करना।

- कोयला खनन को सुरक्षा के उच्च मानकों, सुरक्षित खनन प्रथाओं और सतत सुरक्षा ऑडिट और जोखिम मूल्यांकन के माध्यम से दुर्घटना मुक्त बनाना।

- परती जमीन का कृषीकरण और वृक्षारोपण के लिए प्रतिबद्ध योजना के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण करना।

- निर्धारित मानकों के भीतर परिवेश के वायु और पानी की गुणवत्ता बनाए रखना।

- गुणवत्ता वाले कोयले की भूमिगत उत्पादन को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रौद्योगिकी अर्थात् निरंतर खनिक आदि लागू करना।

- मेगा खुली खदान परियोजनाओं को उच्च उपलब्धता और उपयोग के माध्यम से, उच्च क्षमता उपकरण का उपयोग कर लम्बी अवधि के रख-रखाव और मरम्मत अनुबंध (मार्क / MARC) संचालित तथा सुरक्षित करने के लिए।

- कोयला की नई क्षमताओं को जोड़कर और बड़े पैमाने पर ग्राहक की पसंद के अनुसार गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति करके कोयले को लाभ पहुँचाने के लिए।

- मानसिकता बदलाव, अनुकूलित मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों और समन्वित टीमों के माध्यम से कर्मचारियों का पूर्ण सामर्थ्य पाने के लिए एक एक योग्य वातावरण बनाने के लिए।

- ऑपरेशन चलाने के लिए और तकनीकी और प्रबंधकीय कौशल के उन्नयन के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कुशल जनशक्ति की पर्याप्त संख्या उपलब्ध कराने के लिए।

- बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, टाउनशिप जीवन में गुणवत्ता और उत्कृष्ट शैक्षिक सुविधाओं के माध्यम से कार्य संस्कृति में सुधार करने के लिए।

कोर मूल्य के बयान

- ग्राहक देखभाल
- पर्यावरण और सुरक्षा के लिए चिंता का विषय
- कर्मचारियों के लिए देखभाल
- लागत चेतना

सीएसआर नीति का वेबलिंक

CIL के सीएसआर नीति नई कम्पनियों अधिनियम 2013 निम्नलिखित लिंक पर पाया जा सकता है

https://www.coalindia.in/en-us/company/policies.aspx

2. सीएसआर समिति की संरचना

अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक (क) श्री भरत भूषण गोयल, अतिरिक्त मुख्य सलाहकार (लागत) D/O व्यय (ख) श्री अशोक गुप्ता, सीए

अंशकालिक निदेशक : (क) श्री आर मोहन दास, निदेशक (कार्मिक), सीआईएल

कार्यात्मक निदेशक : (क) श्री आर. एस. महापात्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल (ख) श्री सुबीर चंद्रा, निदेशक (परियोजना और योजना), सीसीएल।

3. कम्पनी के लिए पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ

वित्तीय वर्ष	कर के पहले लाभ (करोड़ रु. में)
2012-13	2683.56
2013-14	2525.87
2014-15	2740.34
औसत शुद्ध लाभ	**2649.92**

4. वर्ष 2015-16 के लिए निर्धारित निगम सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2% = रु. 53.03 करोड़

5. वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान खर्च किया गया निगम सामाजिक उत्तरदायित्व का विवरण

(अ) वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए खर्च किया गया कुल राशि = रु. 212.79 करोड़

(ब) खर्च न की जाने वाली राशि : शून्य

वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गयी राशि का ब्योरा :

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
क्र. सं.	**अभिज्ञात सीएसआर परियोजना / कार्यकलाप**	**वह सेक्टर जिसमें परियोजना कवर की गई है**	**परियोजना कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य (2) (उस जिले / का नाम जहाँ परियोजना अथवा कार्यक्रम चलाया गया**	**परिव्य रकम (बजट) परियोजना / कार्यक्रम**	**परियोजना / कार्यक्रम पर खर्च की गई रकम उप : शीर्ष (1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर हुआ प्रत्यक्ष व्यय (2) उपरिव्यय (लाख में)**	**रिपोर्टिंग अवधि तक संचय व्यय (रु. लाख में)**	**खर्च की गई रकम प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयनकारी अभिकरण के माध्यम से**
1.	सामुदायिक भवन, कुएँ, शेड/घाट, रोड, चारदीवारी तथा अन्य कार्य (विवाह भवन आदि)	आधारभूत संरचना	कमाण्ड क्षेत्र के 25 किमी के दायरे में आने वाले गाँव (अरगडा, बरकासयाल, बी एण्ड के, ढोरी, हजारीबाग, रजरप्पा, राजहरा, कुजू, कथारा, पिपरवार, एन. के., मगध - आम्रपाली, बरकाकाना, नई सराई, (राँची, चतरा, हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, लातेहार, रामगढ़ के अन्य जिले)	रु. 5303 लाख समस्त सीएसआर कार्यों के लिए (संख्या 1 से 10)	342.10	रु. 33941.32 लाख 2007-08 से 2015-16 तक	सीएसआर विभाग मुख्यालय से तथा अरगडा, बरकासयाल, बी एण्ड के, ढोरी, हजारीबाग, रजरप्पा, राजहरा, कुजू, कथारा, पिपरवार, एन. के., मगध-आम्रपाली, बरकाकाना, नई सराई, (राँची, चतरा, हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, लातेहार, रामगढ़ के (अन्य जिले)
2.	आधारभूत संरचना का विकास ग्रामीण स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल (छोड़े हुए विद्यार्थियों के लिए, सीसीएल के लाल तथा अन्य)	शिक्षा	— वही —	— वही —	531.18		— वही —

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
क्र. सं.	अभिज्ञात सीएसआर परियोजना / कार्यकलाप	वह सेक्टर जिसमें परियोजना कवर की गई है	परियोजना कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य (2) (उस जिले / का नाम जहाँ परियोजना अथवा कार्यक्रम चलाया गया	परिव्य रकम (बजट) परियोजना / कार्यक्रम	परियोजना / कार्यक्रम पर खर्च की गई रकम उप : शीर्ष (1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर हुआ प्रत्यक्ष व्यय (2) उपरिव्यय (लाख में)	रिपोर्टिंग अवधि तक संचय व्यय (रु. लाख में)	खर्च की गई रकम प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयनकारी अभिकरण के माध्यम से
3.	हस्तचालित पंप लगवाना, डीप बोरिंग, कुएँ तथा अन्य कार्य करवाना (पाइप फिटिंग, टैंकर, पाइप लाइन लगवाना, पानी की आपूर्ति, आदि)	पेयजल	— वही —	— वही —	234.65		— वही —
4.	विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्र, जन आरोग्य केन्द्र, रीहेबिलेशन सेंटर, लेप्रोसी कॉलोनी आदि	स्वास्थ्य	— वही —	— वही —	20.72		— वही —
5.	सामुदायिक शौचालय/ नालों का निर्माण एवं नवीकरण	स्वच्छता	— वही —	— वही —	50.01		— वही —
6.	तालाबों/बांधों का निर्माण/ नवीकरण, सौर लाइट लगवाना एवं अन्य विविध गतिविधियाँ जैसे - (पेड़ लगाना, वर्षा जल संचयन, पौधे आदि के चारों ओर बाड़ लगाने आदि)	पर्यावरण	— वही —	— वही —	161.23		— वही —
7.	गरीब और बेरोजगार ग्रामीणों के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों आयोजन जैसे - (सिलाई, मोटर ड्राइविंग, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, खेती प्रशिक्षण आदि)	कौशल विकास/ सामाजिक सशक्तिकरण	— वही —	— वही —	102.34		— वही —
8.	फुटबॉल और अन्य खेल टूर्नामेन्ट का आयोजन जैसे - (खेल के मैदान, स्टेडियमों का निर्माण और विविध गतिविधियाँ जैसे - खेल के सामान का वितरण आदि)	खेल और संस्कृति	— वही —	— वही —	2664.38		— वही —

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
क्र. सं.	अभिज्ञात सीएसआर परियोजना / कार्यकलाप	वह सेक्टर जिसमें परियोजना कवर की गई है	परियोजना कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य (2) (उस जिले / का नाम जहाँ परियोजना अथवा कार्यक्रम चलाया गया	परिव्य रकम (बजट) परियोजना / कार्यक्रम	परियोजना / कार्यक्रम पर खर्च की गई रकम उप : शीर्ष (1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर हुआ प्रत्यक्ष व्यय (2) उपरिव्यय (लाख में)	रिपोर्टिंग अवधि तक संचय व्यय (रु. लाख में)	खर्च की गई रकम प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयनकारी अभिकरण के माध्यम से
9.	अन्य विकासशील तरह की गतिविधियाँ जैसे - रसोई गैस सिलिंडर वितरण, व्हीलचेयर वितरण, सावन महोत्सव 2015 का आयोजन आदि	अन्य	— वही —	— वही —	16.66		— वही —
10.	4 राज्यों में लगभग 11850 शौचालयों का निर्माण / नवीनीकरण	स्वच्छ विद्यालय अभियान	भारत देश के 4 राज्यों - झारखण्ड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में	—	17156		एनबीसीसी लिमिटेड
					21279.27	33941.32	

- वर्ष 2015-16 का अंकेक्षित व्यय : 212.79 करोड़

6. निर्धारित निगम सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय राशि नहीं खर्च करने के लिए कारण

लागू नहीं।

7. सीएसआर नीति की निगरानी और कार्यान्वयन के सम्बन्ध में सीएसआर समिति का जिम्मेदारी बयान

